हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025



## महुआ शराब जब्त

**छुईखदान।** अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब को छिपाकर रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 11 अप्रैल को ग्राम खपरीदरबार में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु अपने घर में रखने वाले आरोपी संतोष बघेल 45 साल साकिन खपरीदरबार थाना छुईखदान के कब्जे से एक सफेद रंग के जरिकेन में 20 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ कीमती 4000 रुपए तथा एक पीला रंग के प्लास्टिक जरिकेन ▸▸ शेष पेज 16 पर

# सर्विस लेन में अघोषित पार्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग से हर पल जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

शहर की अव्यवस्थित यातायात के चलते आए दिन जाम लगने की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं शहर के बीच गोदामों में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के लिए भी वाहनों को सड़क पर खड़ी किए जाने के चलते जाम की स्थिति बनती है। जिसको लेकर यातायात विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के चलते सड़क पर ही वाहन खड़े किए जा रहे हैं और यातायात विभाग की लापरवाही के चलते मारपीट की नौबत आ रही है।

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए यातायात पुलिस विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के चलते लोग मनमाने तरीके से वाहन सड़क पर ही खड़ी कर रहे हैं। जिसके चलते स्थिति बदतर हो गई है। लोगों को सुगम यातायात नहीं मिल पा रहा है, आने-जाने में दिक्कत हो रही है। वहीं शहर के बीच फ्लाई ओवर के बगल सर्विस लेन में भी वाहनों को खड़े कर माल लोडिंग-अनलोडिंग हो रहा है। बीते दिनों भी इसी तरह के मामले में एक व्यापारी और मालवाहक चालक के बीच जमकर मारपीट हुई।शहर के गंज चौक, नंदई, टांकापारा वेसलियन स्कूल रोड, गुडाखू लाइन, गायत्री मंदिर चौक से ईमाम चौक और पुराना रेस्ट हाऊस रोड में दिन में किसी भी समय वाहनों से सामान लोडिंग-अनलोडिंग किया जाता है। सबसे ज्यादा वाहन पुराना रेस्ट हाऊस से लेकर रेलवे स्टेशन मोड़ तक लगी रहती है।

### आए दिन विवाद की स्थिति, यातायात महकमा सिर्फ वसूली में मस्त

#### आए दिन विवाद की स्थिति

सड़क पर वाहन खड़ी कर वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बनती है। जिसकी वजह से कई बार राहगीरों और वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है। शहर के गंज चौक से गुरुद्वारा चौक, जयस्तंभ चौक से गांधी चौक, भगत सिंह चौक से आजाद चौक, रामाधीन मार्ग से तिरंगा चौक, गायत्री मंदिर चौक से भारत माता चौक में अक्सर जाम लगता है।




#### फिल्ड से निरीक्षक गायब

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए 1 आरआई, 2 निरीक्षक, 1 उपनिरीक्षक पद के अधिकारी हैं। इसके बाद भी यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं। इन अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में ठोस कार्य दिखाई नहीं देता है। प्रभारी के रूचि नहीं दिखाए जाने के चलते ट्रैफिक जवान भी यातायात दुरूस्त करने मेहनत नहीं कर रहे है।

### सुशासन तिहार में शिकायतों के मिले सिर्फ दस फीसदी आवेदन

# आवास, वृद्धा पेंशन के साथ बिजली-पानी की समस्या को लेकर सर्वाधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

सुशासन तिहार के तहत चार दिवसीय अभियान के तहत जिलेभर से प्रशासन को सवा लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें महज दस प्रतिशत आवेदन ही शिकायत के है, शेष 90 फीसदी आवेदन मांगों को लेकर है। जिनमें सर्वाधिक आवेदन पीएम आवास की सूची में नाम, वृद्धा पेंशन दिलवाने, बिजली और लो-वॉल्टेज की समस्या और पानी की कमी को लेकर सामने आई है। प्रशासन अब इन आवेदनों को विभागवार सुलझाने में जुट गया है। महीनेभर के भीतर इनका समाधान किया जाएगा। जिसके बाद 5 मई से शुरू होने वाले समाधान शिविर के दौरान सभी आवेदनकर्ताओं को फोन के जरिये सूचना देकर उनके आवेदन की स्थिति बताई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में 8 से 11 अप्रैल के तहत सुशासन तिहार का पहला चरण आयोजित किया गया। इसमें जिले में कुल 122261 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 3597 आवेदन शिकायत और 118664 आवेदन मांग को लेकर थे। पहले चरण के तहत सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण इलाकों में शिविर लगाकर शिकायत एवं मांग के आवेदन लिए गए। इन आवेदनों को ऑनलाइन अपडेट भी किया जा रहा है। प्रशासन को लिखित आवेदन के अलावा शिविर के दौरान ही बड़ी संख्या में मौखिक शिकायतें भी लोगों ने की है। हालांकि लिखित आवेदनों का ही रिकार्ड प्रशासन रखेगा। इधर इन आए आवेदनों पर अब काम शुरू हो गया है। सभी विभाग को आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश जारी किए गए हैं।

### एक माह के भीतर लोगों की मांगों को पूरा करना बड़ी चुनौती

#### अजीब-गरीब भी मांग आई सामने

सुशासन तिहार के तहत सरकार ने लोगों से उनकी समस्याओं के आवेदन मंगाए थे। इस प्रक्रिया के दौरान कुछ लोगों ने अजीबो-गरीब मांग के आवेदन भी दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आवेदन में गरीब होने के चलते आर्थिक सहायता दिलाने, जॉब दिलाने सहित अन्य कई ऐसी मांग की गई है।बताया गया कि प्राप्त आवेदनों का निपटारा शुरू कर दिया गया है। जिला स्तर पर सभी विभाग का निराकरण को लेकर रिव्यु किया जाएगा। इसके बाद सभी आवेदनकर्ताओं को फोन कर समाधान शिविर की सूचना दी जाएगी। समाधान शिविर में बुलाकर आवेदनकर्ताओं को उनके आवेदन की स्थिति या उस पर किए गए प्रयास के बारे में जानकारी दी जाएगी। ज्ञात हो कि प्रदेशभर में 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।



#### कहां से आए कितने आवेदन

| ब्लॉक | छुरिया | राजनांदगांव | डोंगरगांव | डोंगरगढ़ |
|---|---|---|---|---|
| आवेदन | 25562 | 44371 | 19313 | 21155 |
| मांग | 25108 | 43307 | 18919 | 20658 |
| शिकायत | 454 | 1064 | 394 | 497 |

#### 2011 के सर्वे के कारण पेंशन नहीं

सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों में सर्वाधिक मांग वृद्धा पेंशन को लेकर मिले हैं। हालांकि अभी अधिकारिक आंकड़े सामने नहीं आए हैं, लेकिन प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मांग वाले आवेदनों में वृद्धा पेंशन दिलवाने की मांग वाले आवेदन ही अधिक है। बताया गया कि 2011 में अंतिम बार गरीबी रेखा का सर्वे किया गया था। ऐसे में उस सूची के आधार पर ही वृद्धा पेंशन दी जा रही है। जबकि उसके बाद गरीबी रेखा में शामिल हुए वृद्ध लोगों के नाम इसमें नहीं जुड़ पा रहे हैं।

#### आवास सूची में नाम, बिजली-पानी की दिक्कतें

आवेदन के जरिये लोगों ने बड़ी संख्या में यह भी मांग की है कि उनके द्वारा पीएम आवास के लिए किए गए आवेदन को स्वीकृति दिलाई जाए। हालांकि इस मामले में बताया गया कि बड़ी संख्या में लोगों के आवेदन पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा अपना नाम सूची में नहीं देखे जाने के चलते उन्होंने सुशासन तिहार के तहत आवेदन कर दिया है। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर पानी और बिजली की दिक्कतें रही। नल कनेक्शन दिलाने, पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसी मांग लोगों द्वारा की गई है। इसके साथ ही गांव में बिजली की लगातार हो रही कटौती, लो-वॉल्टेज की समस्या को लेकर भी बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किया है।

## प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा जारी होगा हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

पालकों की शिकायत के बाद पिछले सोमवार को जिला प्रशासन ने सभी निजी स्कूलों की एक बैठक ली थी। इस बैठक में चार एजेंडे को लेकर चर्चा के बाद दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि माशिमं से मान्यता प्राप्त स्कूलों में किसी भी प्रकार से सीबीएसई पैटर्न का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इन स्कूलों में अनिवार्य रूप से एससीईआरटी किताबों से ही पढ़ाई कराई जानी है। इस निर्देश के बाद भी निजी स्कूल संचालक अपनी मनमानी बंद करने को तैयार नहीं है।

आलम यह है कि जिला प्रशासन को आंख दिखाते हुए इन स्कूलों ने सीजी बोर्ड की मान्यता होने के बाद भी पालकों से सीबीएसई की किताबें खरीदी करवा ली है। इतना ही नहीं किताबें भी निजी पब्लिकेशन की खरीदवाई गई है। जबकि डीईओ ने साफ कहा था कि निर्देश जारी किए जाने के बाद भी यदि शिकायत प्राप्त हुई तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। हालांकि स्कूलों ने कार्रवाई से बचने की कवायद भी शुरू कर दी है। निजी स्कूल संचालक जिला शिक्षा विभाग पर दबाव डलवाने के लिए भी नेताओं का सहारा ले रहे हैं।

#### मंगलवार से शुरू होगी सुविधा

डीईओ पीएस बघेल ने बताया कि पालकों को हेल्प लाइन नंबर की सुविधा भी जल्द ही दी जाएगी। आगामी मंगलवार से इसे सुचारू रूप से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पालक इसमें अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इन शिकायतों के आधार पर ही निजी स्कूलों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पूरी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई
प्रदेश के सुप्रसिद्ध पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग विशेषज्ञ

डॉ. अर्पण जैन
एमबीबीएस, एमडी (गोल्ड मेडलिस्ट), डीएम (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट)
आपके शहर राजनांदगांव में
पेट, आंत, लीवर एवं पैन्क्रियास रोग के लक्षण
भूक न लगना, एसीडिटी, पेट में दर्द, जलन, घाव,गांठ,पानी भरना, टी.वी. होना, लीवर में चर्बी जमना, आंतों का कैंसर, हेपेटाइटिस, पित्त की नली में पथरी, खाना न पचना व अन्य
समस्त एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी प्रक्रियाएं
पैन्क्रियाटाइटिस एवं पैंक्रियाज के कैंसर का इलाज
दिनांक : 15 अप्रैल 2025, मंगलवार
स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेब टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
90981 22633, 7773010942
Deepak Advts.

## पशु तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

मवेशियों को हांकते हुए पैदल महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे तस्करों को पुलिस ने पकड़कर पांच मवेशी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 13 अप्रैल की सुबह मुखबीर से गैंदाटोला पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिला कि दो व्यक्ति पांच नग बैलों को पैदल हांककर ग्राम दतरेंगाटोला के कच्ची-बैराज मार्ग से होते हुए काकोड़ी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र के बूचड़खाना क्रूरतापूर्वक बांधकर बिना चारा-पानी के मारते पीटते हुए ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दतरेंगाटोला के पास पुलिस ने नाकेबंदी कर उक्त व्यक्तियों को रोककर ▸▸ शेष पेज 16 पर

## गौरवपथ में युवक से मोबाइल झपटमारी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

मोबाइल की झपटमारी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नागेश्वर मंडावी निवासी चमरूटोला थाना चिल्हाटी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी हाल राजीव नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अप्रैल को वह अपने घर जा रहा था कि गौरवपथ हौम्योपैथिक के पास पहुंचा था कि सामने से आ रही एक्टिवा में सवार अज्ञात व्यक्ति इसके सामने आकर प्रार्थी के मोबाइल को झपटमारी कर भाग गया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



#### मोबाइल व चाकू बरामद

टीआई एमन साहू ने बताया कि आरोपी शोहेब खान 20 साल निवासी संगम चौक ममता नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो घटना में शामिल होना स्वीकार किया। झपटमारी किए मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एक्टिवा एवं वाहन से चाकू बरामद कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोडकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## ढाबों में पुलिस की दबिश, अवैध शराब बिक्री करने वाले संचालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

ढाबों में पुलिस टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में कार्रवाई की है एवं शराब भी बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुंडा बदमाशों एवं अवैध शराब परिवहन, बिक्री करने वाले ढाबा संचालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत पुलिस को 12 अप्रैल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम कोहका बिहार पटना ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा। मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ढाबा के पास खेत में मात्रा से अधिक शराब छुपाकर रखे व्यक्ति को पकड़ा, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम रोहित वैष्णव 20 वर्ष निवासी ग्राम बिसाहूटोला पुलिस चौकी चिचोला बताया।




#### शराब व बीयर बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नीले रंग के प्लास्टिक के 7 कैरेट में 162 नग देशी मदिरा प्लेन शराब रोमियो ब्रांड, 2 नग नीले रंग के प्लास्टिक के बोरी में 50 पौवा अंग्रेजी शराब सिडिकेट व्हीस्की, 1 सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 6 बोतल बटवाईजर बीयर एवं 6 केन हंटर बीयर कीमती 22040 रुपए पाए जब्त की गई। आरोपी ने बताया कि ढाबा संचालनकर्ता अंकित यादव द्वारा शराब खरीदकर लाकर उसे देकर ढाबा के साईड में खेत में छुपाकर रखकर बिक्री करने कहा था।

#### फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश

पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया तथा अन्य फरार आरोपी ढाबा संचालक अंकित यादव की पतातलाश की जा रही है।

### अंबेडकर जयंती आज, जिलेभर में विविध आयोजन

# बाइक रैली में गूंजे जय भीम के नारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती से पूर्व शहर में आज बौद्ध अनुयायियों द्वारा मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का जन्मदिन बौद्ध समाज के लोगों द्वारा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं अंबेडकर जयंती से एक दिन पूर्व शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निकली मोटर साइकिल रैली शहर के अंबेडकर चौक से बजरंगपुर, नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, स्टेशनपारा, कमठी लाइन, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, दुर्गा चौक होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी और वापस सिविल लाइन के अंबेडकर सांस्कृतिक भवन पहुंचकर संपन्न हुई।



#### शहर में निकलेगी झांकी

अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को शहर के 22 अलग-अलग वार्डों से झांकी निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन पहुंचेगी। इससे पहले सुबह 9 बजे स्थानीय कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में समाज के लोगों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

#### आज विविध आयोजन

अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर धम्म उपदेश, संविधान की प्रस्तावना का वचन, भंडारा प्रसादी और झांकियों का पुरस्कार वितरण संपन्न होगा। मोटर साइकिल रैली में शामिल होकर बौद्ध अनुयायियों ने जय भीम के नारे लगाए। वहीं शहर के जयस्तंभ चौक में संविधान की प्रस्तावना का समाज के लोगों ने पठन किया और बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलने शपथ ली।



## खबर संक्षेप

### बैंक खोलने की मांग



**छुरिया।** जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने किसानों की परेशानी को देखते हुए जिला सहकारी बैंक की शाखा बांधा बाजार में खोलने की मांग मंत्री केदार कश्यप के समक्ष रखा है।

### पदोन्नत प्रधान पाठक को बिदाई



**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला थैलीटोला के प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू के माध्यमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत होने पर ग्रामवासियों ने समारोह आयोजित कर बिदाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा से हुआ। शाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपसरपंच धरम पटवा, संकुल प्राचार्य श्री खोब्रागढे, श्री भंडारी, मेहतरूराम सिन्हा, दीपाक्षी ठाकुर, लक्ष्मी पटवा, नंदनी, जैतकुंवरबाई, सोनकुंवरबाई, उषा नेताम, भागवत सिन्हा, भागचंद सिन्हा विजय नंदागौरी, दिलीप सिन्हा, धनुक सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, पप्पू सिन्हा, हेमंत मानिकपुरी, घनसु यादव, थनवार, कृष्णा रामटेके, जगतराम, सरिता नंदागौरी, बिसंतीनबाई, चित्ररेखा आदि मौजूद थे।

### छात्रों को बिदाई



**मानपुर।** प्राथमिक शाला वागिनसुर में कक्षा पांचवी में छात्र छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक नंदकुमार साहू, शिक्षिका प्रीति देवांगन एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक प्रवीण सिंह, ज्योति नेताम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, भोजन समूह की अध्यक्ष आदि शामिल हुई। सभी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया।

### जलाशय और गुफा को पर्यटन स्थल बनाने की मांग

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष बनने पर नीलू शर्मा से युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत नितिराज चंद्राकर ने साथियों के साथ मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने छिन्दारी बांध, पिपरिया जलाशय एवं मंढ़ीप खोल गुफा को पर्यटन स्थल घोषित करने के संबंध में चर्चा किया। उन्होंने बताया कि छिन्दारी बाँध एवं मंढ़ीप खोल गुफा पर्यटन के विकसित होने से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी साथ विकास की संभावना बढ़ेगी। पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री शर्मा ने इस दिशा में उचित पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान अर्जुन महोबिया, कौशल चंदेल, आर्यन वर्मा, सत्यम महोबिया उपस्थित थे।



### माता-पिता ने करवाया न्योता भोज



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला भूताटोला की छात्रा योग्य यादव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। उसके चयन पर संस्था प्रमुख महेंद्र कोरेटी, शमा अहमद खान, संकुल समन्वयक ओंकार प्रसाद सोनसरवा, संकुल प्राचार्य प्रकाश मेश्राम, व्याख्याता सुखराम ठाकुर और शाला प्रबंधन समिति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। वहीं पालक रोशन लाल यादव ने शाला में न्योता भोज का आयोजन किया।

### दान में दिया शव फ्रिजर




**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरीर ट्रस्ट सेवा दल के मानव सेवा कार्य को देखते हुए दानदाता भी इस दिशा में अपना सहयोग दे रहे है। इसी कड़ी में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सिद्धगोपाल नरेडी ने अपनी धर्मपत्नि स्व. राजकुमारी नरेडी की स्मृति में शव रखने के लिए फ्रिजर प्रदान किया गया ताकि जरूरतमंद लोगों को निः शुल्क मिल सके।

### राइस मिल की चिमनी गिरी



**डोंगरगढ़।** राईस मिलर्स मनोज अग्रवाल की अग्रवाल प्रोफेश चावल मिल की चिमनी शुक्रवार रात को अंधड और तुफान से गिर गई। रात 2 बजे काम बंद होने के कारण जनहानि तो नही हुई किन्तु राईष मिल का शेड और दीवारे क्षतिग्रस्त हो गई। चिमनी गिरने से संचालक को 5 से 6 लाख का नुकसान होने का अनुमान है।

### श्रद्धा से मनाया जन्मोत्सव

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत खजरी मेंहनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, सरपंच किरण यादव, सुधीर निर्मलकर, पूर्णिमा पटेल, संप्रसाद ठाकुर, मनोज वर्मा, ढालूराम पटेल, रामजी सेन, किशोर, मंथिर, धनेश, तिलक, विशंभर आदि शामिल हुए।

### हादसे में मोटर साइकिल चालक की मौत

**डोंगरगढ़।** खैरागढ़ से बोरतलाव मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही होने से दुर्घटना होना अब आम बात हो गई है। इस मार्ग पर पिछले 10 सालो में कई लोग घायल हो चुके है तो कई लोग जान गंवा चुके हैं। बीते शनिवार को अज्ञात ट्रक ने मोटर साईकल चालक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक ड्राईवर घटना के बाद फरार हो गया और मौके पर ही मोटर साईकल चालक की मौत हो गईं। घटना से गुस्साए लोगों के जमा होने से मार्ग जाम हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को हटाया और आक्रोषित लोगों को हटाकर माहौल शांत कराया। नेशनल हाईवे पर चलने वाले वाहन समय, टेक्स और डीजल बचाने के चक्कर में बोरतलाब मार्ग का उपयोग करते है।

## शराब मामले में भाजपा का हाथ, कानून व्यवस्था चौपट: हर्षिता

# सरकार और अफसरों पर विधायक ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

करवारी में शराब का जखीरा बरामद होने और लचर कानून व्यवस्था को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने चुप्पी तोड़ते रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा सरकार और अफसरों पर निशाना साधा। उन्होंने अवैध कारोबार में संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि करवारी के फार्म हाउस में 432 पेटी शराब मिलना सत्ता पक्ष के संरक्षण की ओर इंगित कर रहा है। उन्होंने कहा कि संरक्षण के चलते ही कई चेकपोस्ट पारकर कंटेनर में मध्यप्रदेश की शराब धर्मनगरी तक पहुंच गया। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ आने तक बोरतलाव, बागनदी और गातापार थाना है। रास्ते में आबकारी का चेकपोस्ट भी है इसके बाद भी शराब आसानी से पहुंच गई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के संरक्षण और अफसरों की अनदेखी से शराब, गांजा, नशीली दवा एवं मवेशी तस्करी जारी है।

### दबाव में अधिकारी

विधायक ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पुलिस कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की नहीं सुनतें। सत्ता के दबाव में सारे अफसर काम कर रहे हैं। श्रीमती बघेल ने कहा कि विधानसभा नशाखोरी का मामला उठाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। शराब तस्करी के मामले में विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार थी तब लगातार कार्रवाई हो रही थी। पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में शराब के साथ बाटलिंग यूनिट संचालन का मामला उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस अब तक मुख्य आरोपी को पकड़ने में नाकाम है।



### सड़क पर ट्रैफिक का दबाव

खैरागढ़ रोड़ पर हुए हादसे का जिक्र करते हुए विधायक बघेल ने कहा कि खैरागढ़ मार्ग पर ट्रैफ्रकि का दबाव काफी बढ़ गया है। भारी वाहन आबादी क्षेत्र से गुजर रहे है। हादसों का ग्राफ बढ़ रहा है जबकि शहर में भारी वाहनों को प्रवेश करने से पुलिस को रोकना चाहिए। बायपास और सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव को स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस के विपक्ष में होने के कारण जनप्रतिनिधियों की मांग साइड किया जा रहा है जबकि बायपास एवं सड़क चौड़ीकरण की मांग जनहित में है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल

जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद से अब जीवनदीप समिति की केवल एक बैठक हुई है। विधायक समिति की अध्यक्ष होती है और निर्वाचित जनप्रतिनिधि सदस्य होतें है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति की बैठक बुलानें के लिए बोलने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनका आरोप है कि सत्ता पक्ष के लोग स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं।

### कांग्रेस कल करेगी प्रदर्शन

राज्य में बढ़ते अपराध, अवैध शराब की बिक्री को रोकने में नाकाम रहने के विरोध में कांग्रेस आगामी 15 अप्रैल को धरना प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस का आरोप है कि करवारी में भाजपा नेताओं की शह पर शराब की अवैध बॉटलिंग किया जा रहा था जिसके मुख्य गुनहगार को पकड़ा नहीं जा रहा है। कांग्रेस के प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, भुनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, विभा साहू, अंगेश्वर देशमुख, रामछत्री चंद्रवंशी, मदन साहू, गोपीचंद गायकवाड, कोमल साहू, रतन यादव, हीरा सोनी, रितेश जैन, अब्दुल खान, चेतन साहू, पंकज बांधव, अजय मारकंडे, पुष्पा वर्मा, आशा मंडावी, संध्या देशपांडे, प्रभा साहू, भावेश सिंह, नलिनी मेश्राम, सुदेश मेश्राम, लता साहू, फत्तू वर्मा, मंजू वर्मा, महेश सेन, मनहरण सिन्हा, प्रीति वैष्णव सहित अन्य शामिल होंगे।

# आम्बेडकर जयंती पर आज विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संविधान वेत्ता डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती कल 14 अप्रैल को नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाई जाएगी। नगर में मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी जो आदर्श नागसेन बुद्धबिहार में शुरू होकर भीमनगर, राजीवनगर, संजयनगर, गोलबाजार, केदारबाड़ी, इंदिरा नगर, रेलवे चौक, बुधवारी, जयस्तंभ चौक, भुरवाटोला सहित अन्य जगह तक जाएगी। रात 9 जनपद के पास धम्म भोज का आयोजन रखा गया। आदर्श नागसेन बुद्ध विहार में बुद्ध एवं भीम गीत पर आधारित रिकार्डिंग डांस रखा गया है। कल 14 अप्रैल को नागसेन बुद्ध विहार में प्रातः 9 बजे झंडा वंदन, परित्राण पाठ के पश्चात प्रसाद का वितरण होगा । सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन, कचहरी स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। शाम 4.30 बजे नागसेन बुद्ध विहार से रैली निकलेगी। रैली में झांकी एवं चलित प्रदर्शनी भी शामिल होगी। रैली के समापन पश्चात बुद्ध विहार में धम्मभोज होगा।

### प्रतिमा की सफाई

अंबेडकर जयंती के एक दिन पहले तहसील कार्यालय में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा एवं परिसर की भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई किया। इस मिशन में रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, जस्मित सिंग बन्नोआना, सत्यप्रकाश मिश्रा, विनय बंसल, विनित यादव, परविंदर सिंग मोंटी, प्रीति चमन समुंद्रे, सविता दरगढ, कैलाश सोनवानी, महेन्द्र डोंगरे, गुडडी यादव, अजय शर्मा, रतन कोसे, देवेन्द्र साखरे, ललित शर्मा, लोकेश इंदुलकर, ओमप्रकाश साखरे, शिवांगी साखरे सहित अन्य शामिल हुए।

### ट्रेनों में अनाधिकृत खाना की सप्लाई

**डोंगरगढ़।** रेल्वे स्टेशन एवं पेंट्री कार में बड़े पैमाने पर अनाधिकृत रूप से खाद्य समाग्री सप्लाई किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ लोगो के गोदामों के अलावा पालिका के खाली दुकानो में बिना अनुमति के खाद्य समाग्री बना रहे हैं। बताया जाता है प्रातः 5 से रात 12 बजे तक नास्ता और लोगों की पसंद का खाना बनाया जाता है और उसे पैक कर ट्रेनो में सप्लाई किया जाता है। मौके पर किसी प्रकार की जानकारी चस्पा नहीं की गई है। गौरतलब है कि लाखों खर्च कर नगर पालिका ने फ्रुट मार्केट के नाम पर दुकान का निर्माण कराया है जिसका अब तक आबंटन नहीं किया गया है। यहां किसके इशारे पर दुकानो का संचालन कर खाद्य सामाग्री बनाया जा रहा है। सीएमओ सीके शर्मा ने कहा किसकी अनुमति से दुकान का संचालन किया जा रहा है की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शिविर में मांगों के मिले सबसे ज्यादा आवेदन

- सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का एक माह में होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य सरकार के सुशासन तिहार के तहत नगर पालिका परिषद ने शिविर आयोजित कर लोगों से मांग और शिकायत के आवेदन लिए। सुशासन तिहार के पहले चरण के आखिरी दिन 24 वार्डों में 1109 आवेदन तथा 71 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए।

सर्वाधिक आवेदन वार्ड नंबर 2 में 151 तथा सर्वाधिक-शिकायत वार्ड 7 में 16 प्राप्त हुई। पालिका को कुल 2883 मांग एवं 136 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

सीएमओ चंद्रकांत शर्मा के अनुसार वार्ड 2 में 154, वार्ड 21 में 139, वार्ड 5 में 103, वार्ड 16 में 102 मांग के आवेदन प्राप्त हुए हैं। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन त्यौहार के माध्यम से जन समस्याओं से रूबरू हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार मजबूती के साथ समस्याओ का समाधान करने की तैयारी में है। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन का एक महीने के अंदर निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय खुद गांव जाकर निरीक्षण करेंगे।

## अवैध ईंट का निर्माण जारी

**डोंगरगढ़।** रेंगाकठेरा स्थित गढ़माता मंदिर के आसपास लाल ईंट भट्टे का संचालन करते हुए लाखों की लकड़ी खपाया जा रहा है। यह मामला सामने आने के बाद भी अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबार से जुडे लोगों के हौसले बुलंद है। कुछ ईंट भट्टों में बच्चों से काम कराया जा रहा है। बताया जाता है कि इन भट्टों से 10 से 15 लाख के ईंट बनाकर बेचा जा चुका है। ईंट को पकाने के लिए 3 से 4 लाख की लकडी को जलाया जा चुका है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों की शिकायत के बाद कुछ अधिकारी मौके पर पहुंच थे किन्तु कार्रवाई करने के बजाये लेनदेन कर मामले को रफादफा कर दिया।

# मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- वक्ताओं ने उपलब्धियों पर डाला प्रकाश

प्रदेश और जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़ापे, अनिता मंडावी, गिरवर साहु एवं मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने स्थापना से लेकर अब तक के पार्टी के सफर की विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबिधर साहु, राजेन्द्र तिवारी, बेदराम ताम्रकार, वर्षा गेड़ाम, रामाधीन देवांगन, थनवार मंडावी, कैलाश उईके, उपकार सिंह, नोबल साहु, हेमलाल वर्मा, संदीप गेड़ाम, हनस पटेल, देवेन्द्र नंदेश्वर, राजेश देवांगन, राजकुमार ताम्रकार, पुष्पा सिन्हा, गोदावरी निषाद, रामाधार ओझा, जसबीर सिंह चौहान, भोजराम वर्मा, अशोक वर्मा, संदीप सिन्हा, अरविंद नंदेश्वर सहित अन्य शामिल हुए।



# राकेश ठाकुर को मिला अध्यक्ष का जिम्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

आखिरकार गंडई मंडल भाजपा को नया अध्यक्ष मिल गया है। लगभग तीन महीने इंतजार के बाद पार्टी ने राकेश ठाकुर के नाम पर मुहर लगाई है। उनके नाम की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। राकेश ठाकुर के मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, अनिल अग्रवाल, राजू जंघेल, टेकन देवांगन, जीवनदास रात्रे, राकेश जायसवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, संजय राजपूत, दादू नागदौने, लीलाराम साहू, भूपेंद्र पटेल, राम्हु मरकाम, ऋषभ सिन्हा सहित अन्य ने रेस्ट हाऊस में श्री ठाकुर का स्वागत किया।

### कई पदों पर काम कर चुके

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी रामु रोहरा ने 11 अप्रैल को जिला भाजपा अध्यक्ष के नाम जारी पत्र जारी कर राकेश ठाकुर को गंडई मंडल का नया अध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री ठाकुर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। उन्हें विभिन्न पदों पर कार्य करने का लंबा अनुभव है और उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाया है। वह अच्छे वक्ता के रूप में जाने जाते हैं। इससे पहले श्री ठाकुर गंडई युवा मोर्चा के अध्यक्ष, जिला कार्य समिति सदस्य, सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक और मानपुर, हनईबन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के प्रभारी रह चुके हैं। वर्तमान में वह शक्ति केंद्र पेंडरवानी के प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे।

# लोगों को शराब नहीं पानी दे राज्य सरकार: पटिला

**डोंगरगढ़।** पूर्व मंत्री धनेश पटिला ने सुशासन तिहार की उपयोगिता और सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान जनता रोजगार, पानी जैसी समस्या से जूझ रही है। लोगों को न रोजगार मिल रहा है और न पानी। वहीं सरकार शराब दुकान खोल रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन त्यौहार मनाकर जनता के साथ छल किया जा रहा है। यह त्यौहार मात्र ढकोसला है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को गांव में रोजगार मुहैया कराने शुरू की गई रोजगार गारंटी योजना पर विराम लग गया है। लोग रोजगार के लिए



तरस रहे हैं। हैंडपंप एवं ट्यूबवेल सूखने से गांवों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। वाटर लेबल नीचे गिरते जा रहा है। सरकार इस समस्या का समाधान करने में गंभीरता नहीं दिखा रही है बल्कि जगह-जगह प्राथमिकता के साथ शराब दुकान खोल रही है। उन्होंने कहा कि शराब दुकान के बजाए रोजगार गारंटी के कार्य प्रारंभ किया जाता तो लोगों का भला होता।

## मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति स्थापित



**छुरिया।** ग्राम हाट बंजारी में कोसरिया यादव समाज ने राधा कृष्ण भगवान की मूर्ति स्थापना किया है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शामिल हुई। समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि मंदिर में मूर्ति स्थापित करना हमारी आस्था और परंपरा को दर्शाता है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बीरम मंडावी, संरपच बिसोबाई मंडावी, कंशु यादव, महेश यादव, लक्ष्मण यादव, शत्रुधन यादव, अश्विनी यादव, हीरूराम यादव, शिवनंदन यादव, धन्ना यादव, सुरेश साहु, सुखुराम साहु, हीरालाल साहू, जयपाल यादव, खेमचंद साहु, अशोक सेन, कार्तिकराम यादव, फगवा यादव, गोविंद यादव, धनवा यादव, खिलावन यादव, लखन सिन्हा, सुदर्शन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# महिला समूहों की आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अं.चौकी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती चंद्राकर ने गत दिवस मानपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया और महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यों की सराहना की।

तोलूम में महिला स्व-सहायता समूह व ग्राम संगठन की दीदियों से चर्चा करते उन्होंने सेंट्रिंग प्लेट निर्माण और मिक्सर मशीन संचालन गतिविधियों की जानकारी ली। इन कार्यों से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर लखपति बनी है।



सीईओ ने पंचायत एवं सीएलएफ के माध्यम से समूह द्वारा निर्मित सामग्री का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अड़जाल में समूह की महिलाओं ने बैंक लिंकेज और सीआईएफ राशि का उपयोग कर हालर मिल और बकरी पालन के जरिये लाभ अर्जित किया है। वहीं दूसरी दीदियों द्वारा सिलाई कार्य, जैविक खाद व दवाइयों का निर्माण, मुर्गी पालन एवं टीकाकरण जैसी गतिविधियों से आय अर्जित की जा रही है।

सीईओ ने चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया और आयवर्धन हेतु सुझाव दिए। इसके साथ ही भर्रीटोला में सीएलएफ द्वारा संचालित ब्रडिंग सेंटर चूजा रैक और मदर बर्ड अंडा उत्पादन गतिविधि का निरीक्षण करते सीईओ ने एनआरएलएम एवं प्रदान संस्था के कर्मचारियों से चर्चा कर इन गतिविधियों के विस्तार हेतु सुझाव दिए। कहड़बरी ग्राम पंचायत में आयोजित सुशासन तिहार 2025 कार्यक्रम के दौरान मांग और शिकायत आवेदन संकलन की प्रक्रिया का अवलोकन करते सीईओ ने ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी प्रदान की और पंचायत पदाधिकारियों को मार्गदर्शन दिया।

# कर्मा जयंती पर आयोजन




**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव में 30 मार्च को साहू समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें एक दिन पहले शनिवार को डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिला, पुरूष, बच्चे एवं वार्डवासी शामिल थे।

जयंती में सर्वप्रथम सुबह भव्य बाइक रैली निकाली एवं सामूहिक रूप से मां कर्मा का महाआरती संपन्न हुआ। इसके बाद पदाधिकारी एवं पारमुखिया एवं प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू एवं अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू एवं विशेष अतिथि तहसील अध्यक्ष अंजू साहू, जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू सहित जिले के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। उसके बाद डुंडेरा वालों का संगीतमय रामायण भजन का कार्यक्रम हुआ।

तत्पश्चात खिचड़ी भोजन महाप्रसादी वितरण किया गया। रात्रि में सेवा जस झांकी झंडा तालाब का शानदार कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनिल साहू, अनुपराम साहू, सुरेन्द्र साहू, थानूराम साहू, कामता प्रसाद साहू, डॉ. दुलेश्वर साहू, खेमलाल साहू, योगेश साहू, लोकेश्वर साहू, चन्द्रप्रभा साहू, लक्ष्मी साहू, गोदावरी साहू, पुरषोत्तम साहू, बुधलाल साहू, बेदलाल साहू, मनोहर साहू, राजेश साहू सहित सामाजिक सदस्य एवं वार्डवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# आसमा परवीन का चयन राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में



**राजनांदगांव।** शहर की प्रतिष्ठित राइफल शूटिंग प्लेयर आसमा परवीन कुरैशी का चयन सितंबर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ओपन बिग बोर राइफल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आसमा परवीन इस प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी है।

जानकारी के अनुसार आसमा परवीन का चयन उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उन्होंने बताया कि गत 23 से 28 मार्च तक महू इंदौर में आयोजित हुए इंडिया ओपन बिग बोर इवेंट में भाग लेते उन्होंने प्रोंन पोजीशन में 13वां रैंक हासिल किया। बिग बोर इवेंट दरअसल राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत होने वाला ओपन प्रतियोगिता है। जिसमें महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों के विभिन्न आयु के खिलाड़ी भाग लेते हैं। महू इंदौर में आयोजित हुए प्रतियोगिता के क्वालीफाई स्टेज में प्रत्येक खिलाड़ियों को लक्ष्य साधने के लिए कुल 30 राउंड दिए गए थे। जिसमें आसमा परवीन ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 277 अंक हासिल करते 13वां रैंक हासिल किया। उन्होंने अब तक अनेक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए सैकड़ों मेडल और पुरस्कार अर्जित कर अपने माता-पिता और शहर का नाम रौशन किया है। आसमा ने अपने उपलब्धियों का श्रेय अपने माता_पिता सहित खेल प्रशिक्षक, ईष्ट मित्रों को दिया है।

# श्री देव आनंद जैन स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस



**राजनांदगांव।** अहिंसा के अवतार श्रमण भगवान महावीर स्वामी की 2624वीं जयंती एवं श्री देव आनंद जैन शिक्षण संघ का 80वां स्थापना दिवस और नवकार महामंत्र दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक बच्चों के साथ महामंत्र नवकार का पाठ किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष अर्पित श्रीश्रीमाल, संस्था के सदस्य अतुल श्रीमाल, रमेश श्रीश्रीमाल, नथमल गिडिया ने बच्चों के साथ बैठकर महामंत्र का पाठ किया। अर्पित श्रीश्रीमाल ने बच्चों को नवकार मंत्र का अर्थ विस्तार से समझाया। तत्पश्चात महावीर भगवान स्वामी के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन पार्षद रेखा पारख, संस्था के वरिष्ठ सदस्य प्रकाशचंद सांखला, कोषाध्यक्ष अर्पित श्रीश्रीमाल ने किया।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक की लघु नाटिका प्रस्तुत की। संस्था के सदस्य प्रकाशचंद सांखला ने संस्था के स्थापना दिवस पर संस्था के 80वें वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मैनेजर लक्ष्मीचंद सेठिया ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक व छात्र-छात्राओं के अभिभावकगण एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकगण को स्वल्पाहार दिया गया।प्राचार्य डॉ. अमित शुक्ला ने महावीर जयंती पर सभी को महावीर स्वामी के जन्मोत्सव एवं स्थापना दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुधीर जैन ने किया।

0 **राजनांदगांव।** अप्रैल माह के मध्यान्ह में मौसम में तेजी से उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है। आसमान में बदली एवं गर्म हवाओं के झोखों के बीच बूंदाबांदी की स्थिति भी निर्मित हो रही है। जिसके चलते उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान होने लगे हैं। ठंडी हवाओं की चाह में देर शाम तक लोग खुले स्थानों में टहलते नजर आने लगे हैं।




























## खबर संक्षेप



### शिकारीमहका में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

**छुरिया।** शिकारीमहका में हिंदुत्व भगवाधारी युवा संगठन ने धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बजरंग मंदिर में पूजा के बाद महिला समूह और हिंदुत्व भगवाधारी युवा संगठन ने प्रसाद वितरण किया। प्रसादी वितरण के बाद ग्रामवासियों एवं महिला समूह ने डीजे के साथ बाइक रैली निकाली गई, जो शिकारीमहका से बोईरडीह, छुरिया, भंडारपुर, हालेकोसा तक गई। रैली के बाद दीप उत्सव आयोजित किया गया। रात में कोंडागांव वालों ने रामायण पाठ किया। इस दौरान सरपंच सकुन कुंदन बडोले, उपसरपंच दिनेश साहू, कौशल साहू, देवनारायण सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, रामसुख सिन्हा, रामलाल सिन्हा, गुलाब मंडावी आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### लवली शर्मा गो बैक के नारे गूंजे, अभाविप ने किया विरोध

# संगीत विवि बना सियासी अखाड़ा कुलपति की नियुक्ति पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजभवन से कुलपति के रूप में प्रो डॉ लवली शर्मा का नियुक्ति आदेश जारी होने के साथ ही इंदिरा कला संगीत विवि में एक बार फिर बवाल मच गया है। बीते 9 अप्रैल को राजभवन से कुलपति नियुक्ति का आदेश जारी हुआ था जिसमें दयालबाग एजुकेशन इंस्टीट्यूट आगरा और मानसिंह तोमर विवि ग्वालियर की पूर्व कुलपति प्रो लवली शर्मा को संगीत विवि का नया कुलपति नियुक्त किया गया, लेकिन नियुक्ति आदेश जारी हुए 48 घंटे भी नहीं बीता था कि विरोध की लहर तेज हो गई।

- नियुक्ति आदेश जारी होते ही विरोध शुरू



#### नियुक्ति तत्काल रद्द करने की मांग

विवि परिसर में लवली शर्मा गो बैक के नारे गूंज उठे हैं। सबसे मुखर विरोध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से देखने को मिला है। परिषद ने लवली शर्मा की नियुक्ति को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो वे उग्र आंदोलन के साथ छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान करेंगे। विद्यार्थी परिषद ने आरोप लगाया कि जब प्रो लवली शर्मा ग्वालियर विवि की कुलपति थी, तब उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार, सगे-संबंधियों को लाभ पहुंचाने और सबसे विवादास्पद भारत माता की तस्वीर को विवि परिसर से हटवाने जैसे गंभीर मामले सामने आए थे। परिषद का कहना है कि इन्हीं कारणों से उन्हें वहां से हटाया गया था और अब यहां ऐसी नियुक्ति कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### विवि में विवादों की लंबी फेहरिस्त

यह पहला मौका नहीं है जब संगीत विश्वविद्यालय किसी विवाद में घिरा हो। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान पद्मश्री ममता चंद्राकर को कुलपति नियुक्त किया गया था। पूरे कार्यकाल में ममता चंद्राकर को लगातार विरोध का सामना करना पड़ा। सत्ता परिवर्तन के बाद 21 जून 2024 को राजभवन के निर्देश पर उन्हें पद से हटा दिया गया और संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर को प्रभारी कुलपति बनाया गया। इसके बाद लंबे समय तक विवि बगैर नियमित कुलपति के संचालित होता रहा। बहरहाल प्रो लवली शर्मा ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है लेकिन इससे पहले ही विरोध का स्वर इतना तीखा हो चुका है कि प्रशासन सकते में है। सवाल ये है कि क्या सरकार अभाविप की चेतावनी को नजरअंदाज करेगी या दबाव में आकर लवली शर्मा की नियुक्ति पर पुनर्विचार करेगी, लेकिन फिलहाल संगीत नगरी की फिजाओं में सुरों की गूंज नहीं, विरोध की आवाजें सुनाई दे रही हैं और ये बवाल थमने वाला नहीं लगता।

## संगीत विवि में शोधार्थियों का हुआ ओपन वाइवा

- शोधार्थियों ने बेहतर तरीके से दिया वाइवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि में विभिन्न विषयों पर शोध कार्य पूरा कर चुके शोधार्थियों का ओपन वाइवा कुलपति सत्य नारायण राठौर व कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल की उपस्थिति में हुआ।

ओपन वाइवा में सभी शोधार्थियों ने बेहतर तरीके से अपना वाइवा दिया। इस दौरान डॉ हरिओम हरि के निर्देशन में एमएमवी कंपनी द्वारा 1960 से 1999 तक निर्गत सितार वादन की ध्वनि मुद्रिकाओं में तबला संगति का विश्लेषणात्मक अध्ययन (पंडित रविशंकर, उस्ताद अब्दुल हलीम जाफर, पंडित निखिल बनर्जी व उस्ताद विलायत खां के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने वाले अवनद्ध वाद्य विभाग के शोधार्थी सुब्रत कुमार पटेल, प्रो एमएन भाले के निर्देशन में इंपैक्ट ऑफ इंडियन क्लासिक तबला इन श्रीलंकन म्यूजिक एजुकेशन विषय पर शोध कार्य करने वाले अवनद्ध वाद्य विभाग के शोधार्थी दीलिपा धनंजय, प्रो डॉ एमसी शर्मा के निर्देशन में कंट्रीब्यूशन ऑफ फिमेल पेंटर्स टू कंटेम्पररी मिथिला पेंटिंग विषय पर शोध कार्य वाली चित्रकला विभाग की शोधार्थी दीक्षा झा और भारतीय समकालीन चित्रकला में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का योगदान विषय पर शोध कार्य पूरा करने वाले चित्रकला विभाग के शोधार्थी अम्ब्रीश कुमार मिश्र सहित डॉ योगेन्द्र चौबे के निर्देशन में जन शिक्षण में लोक रंगमंच के महत्व का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य करने वाले थियेटर विभाग के शोधार्थी श्रीधर पांडेय का ओपन वाइवा हुआ। आगामी शिक्षा समिति की बैठक में अनुमोदनव शोध को इंफ्लिबनेट वेबसाइट में अपलोड करने के बाद शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के अलावा प्रभारी शोध प्रो डॉ मृदुला शुक्ल, प्रो डॉ नमन दत्त, प्रो डॉ राजन यादव सहित अन्य प्राध्यापकगण व शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मिशन संडे अंतर्गत टीम ने किया श्रमदान, पीएम परिसर को किया साफ

### सामाजिक सरोकार का दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विधायक यशोदा वर्मा के निर्देश पर कांग्रेस की मिशन संडे टीम ने अपने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए शासकीय अस्पताल परिसर स्थित पीएम परिसर के मुख्य मार्ग और आंतरिक क्षेत्र में श्रमदान किया। टीम संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र की बिगड़ती स्वच्छता स्थिति पर मूक विरोध जताया और जनहित में श्रमदान कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस दौरान उन्होंने परिसर के सामने मुख्य मार्ग पर बड़ी-बड़ी कंटीली झाड़ियों को काटकर हटाया। गंदगी के अंबार को हटाया। टीम ने सुबह-सुबह साफ सफाई संबंधी उपकरण लेकर अभियान की शुरुआत की और दोपहर तक पूरे परिसर को स्वच्छ रूप प्रदान किया। संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि मिशन संडे केवल शिकायतें और भ्रष्टाचार उजागर करने तक सीमित नहीं है, हम जनहित के कार्यों में सीधे मैदान में उतरकर योगदान देते हैं।



#### श्रमदान कर बदली तस्वीर

श्री देवांगन ने कहा कि पीएम परिसर में सालों से सफाई नहीं की गई थी जिसकी जानकारी होने पर टीम ने बिना किसी शासन-प्रशासन पर आरोप लगाए खुद श्रमदान कर तस्वीर बदल दी है। इस अवसर पर नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, विप्लव साहू, अरुण भारद्वाज, डॉ पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, हरिदर्शन ढीमर, सूर्यकांत यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे जिन्होंने एकजुट होकर क्षेत्रवासियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया। मिशन संडे का यह प्रयास जागरूक नागरिक की पहल है, जो यह दर्शाता है कि जब जनता खुद पहल करती है तो बदलाव की शुरुआत होती है।



## भाजपा नेता पहुंचे गांव ग्रामीणों का जाना हाल

**सड़क अतरिया।** भाजपा के गाँव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत पूर्व विधायक कोमल जंघेल गत दिनों मुरई पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक लिया। गाँव का भ्रमण कर ग्रामीणों का हाल चाल जाना। इस अभियान में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपडा भी शामिल हुए। उन्होंने गाँव की समस्याओं से अवगत होकर शीघ्र ही समाधान का आश्वासन दिया। श्री जंघेल और श्री चोपडा ने विभिन्न वार्डों में जाकर ग्रामीणों से भेंट किया और जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, पेंशन योजना, महतारी वंदन योजना, विधुत समस्या सहित सरकार के योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। आवास योजना में लोगो को सर्वे सूची में शामिल करने आवास मित्र एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया। जल जीवन मिशन के तहत प्रस्तावित टंकी के अधूरे रहने और घटिया निर्माण के लिए शिकायत करने की बात कही। इस अभियान में मंडल कोषाध्यक्ष तुकाराम जंघेल, रेखचंद जंघेल, बूथ अध्यक्ष कमलेश तिवारी, राजकुमार जंघेल, बाला सेन, प्रहलाद राम, तोरण जंघेल, घासीराम जंघेल, पन्ना विश्कर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

## मारूटोला कला में कवि सम्मेलन, देर रात तक बड़ी संख्या में जुटे रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के मारूटोला कला में ग्रामवासियों द्वारा आंचलिक कवि सम्मेलन का आ यो ज न किया गया। ज्ञानदायिनी माँ शारदा के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजन बाद कवि धर्मेंद्र जंघेल ने वंदना प्रस्तुत किया। सरपंच राकेश वर्मा सहित अन्य ने अतिथि साहित्यकारों का स्वागत किया।

- कवि शिवप्रसाद ने सरकार की नीतियों और नारियों की महिमा पर किया काव्यपाठ

इरईकला निवासी कवि शिवप्रसाद साहू ने सरकार की नीतियों और नारियों की महिमा पर काव्यपाठ किया। कवयित्री डॉ. पद्मा पर्वणी साहू ने एक दिन के भक्ति जगाय ले नई बने कोनों हनुमान और राम नाम की महिमा पर अपनी भक्तिमय प्रस्तुति दी। खमतराई के कवि महदीप जंघेल ने समाज में सभी वर्गों में मोबाइल के उपयोग दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों पर कुठाराघात कर अपनी हास्य व्यंग्य की कविता पढ़कर श्रोताओं को गुदगुदाया। आमगांव के हास्य कवि गुनीराम बादल ने शिव पार्वती के बिहाव सहित अन्य हास्य कविताओं से श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। भरदाकला निवासी कवि दुजराम साहू अनन्य ने का जमाना आगे रे भैया,10 पैसा के पिपरमेंट कविता पढ़कर बचपन को याद दिलाया। छुईखदान के व्यंग्यकार रवि यादव झोंका ने व्यंग्य कविता लइका बिगड़ गे, मैनहर के गीतकार धर्मेंद्र जंघेल ने सुमधुर देवार गीत और बांस गीत, धर्म्रेंद्र उहरवाल ने हास्य गीत, भदेरा के व्यंग्यकार कवि राजकुमार मसखरे ने अपनी चुटीले अंदाज में तैं बने करे राम मोला चेन्दवा बनाए कविता सुनाकर श्रोताओं को खूब ठहाके लगवाए।

#### साहित्य के प्रति दिखा अनुराग

कवि लाला जगदलपुरी सम्मान से सम्मानित कवि गंडई निवासी डॉ पीसी लाल यादव ने फुलगे गोंदा फूल गीत प्रस्तुत किया। समाज की बुराई पर प्रतिघात करने वाली कविता कहां से जन्म लेती है, कविता कैसे कैसे पर चर्चा करते हुए सभी नवोदित साहित्यकारों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। संचालक साहित्यकार डॉ सियाराम साहू ने कार्यक्रम को कवि और श्रोताओं के बीच जोड़ा रखा जिसमें उनका साथ सनत साहू ने दिया। राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई अध्यक्ष डॉ पदमा साहू पर्वणी ने बताया कि सभी कवि इकाई से जुड़कर लोगों को साहित्य के प्रति प्रेम और उसकी महत्ता को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समझाने का प्रयास अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से कर रहे है। गौरतलब है कि ग्राम स्तर पर इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ था जिसमें अपने बीच के कवियों को सुनने गांव सहित आसपास के गाँवों के लोग भी देर रात तक जुटे रहे। कार्यक्रम आयोजन में सरपंच राकेश वर्मा, उपसरपंच नरोत्तम निषाद, सनत साहू, गोरेलाल वर्मा, सूरज निषाद, कृपाल वर्मा, किशन साहू, ललित साहू, सतीश सेन, रामचंद साहू, अंकालु साहू, गोपी सेन, तारेन्द वर्मा, मिथिलेश साहू, घुरऊ साहू, महेश वर्मा, अनिल वर्मा, देवव्रत वर्मा सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## गायत्री विद्यापीठ में न्यूज पेपर ड्रेसअप कॉम्पिटिशन का आयोजन



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में न्यूज पेपर ड्रेसअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता दो समूहों में आयोजित थी। प्रथम समूह में नर्सरी से केजी-2 एवं दूसरे समूह में क्लास-वन से क्लास-टू तक के विद्यार्थी शामिल थे। शाला की व्याख्याता उषा झा के अनुसार इस प्रतियोगिता में पालकों एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जहां पालकों ने अखबार के पन्नों से अपनी अनूठी कला का प्रदर्शन करते वीर शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, मिस इंडिया आदि प्रमुख व्यक्तित्व का पोशाक बनाकर अपने बच्चों को सुसज्जित किया। आयोजन में निर्णायक के रूप में शिक्षिका वाणी मुदिराज एवं वसुधा लड्ढा व आयोजन का वीडियोग्राफी शाला के व्याख्याता आशीष सोनवानी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम चरण में प्रथम षभ सोनी (केजी-2 ए-4), द्वितीय अनुज्ञा जैन (केजी-2-ए-1), तृतीय ध्वनी पटेल (केजी-1-ए-1) को मिला। सांत्वना पुरस्कार दिशांत पटेल (केजी-1-ए-1) को मिला। द्वितीय चरण क्लास-1 व क्लास-2 से प्रथम मोहक वेगड़ (क्लास-2 ए-3), द्वितीय वेद यादव (क्लास-2 ए-4), तृतीय स्थान पर सुहानी श्रीवास्तव (क्लास-2 ए-3) रही। वहीं सांत्वना पुरस्कार दुर्विशा साहू (क्लास-2 ए-4) को मिला। इस अवसर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, तरणजीत सिंह टूटेजा समेत शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

## छछानपहरी में रामकथा सांसद प्रतिनिधि हुए शामिल

### सुंदरकांड का नियमित करें पाठ



- हनुमान चालीसा को अपने जीवन में उतारने से भगवान की कृपा बनी रहती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हनुमान जन्मोत्सव पर ब्लाक के ग्राम छछानपहरी में आयोजित रामकथा समागम में सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह शामिल हुए। पीपल वृक्ष नीचे विराजित हनुमान जी के दर्शन बाद भागवत शरण सिंह ने कहा कि कल्प के अंत तक सशरीर जागृत रूप मे रहने वाले हनुमान जी हैं और प्रभु श्री राम के लिए भी उनके सेवक हनुमान जी संकटमोचक बनकर उभरे हैं। यदि हम भी रामचरितमानस के पांचवे सोपान सुंदरकांड व तुलसीदास की रचना हनुमान चालीसा को अपने जीवन में उतारते हैं और नियमित रूप से उसका पाठ करते हैं तो हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहती है।

#### पूरा वातावरण बना धार्मिक

सांसद प्रतिनिधि भागवत ने कार्यक्रम में मौजूद युवक-युवतियों से सुंदरकांड का नियमित पाठ करने की अपील की। रामकथा में बालोद से आई महिलाओं की कथा मण्डली ने भाव विभोर करने वाले भजनों के रामचरितमानस का पाठ किया और देवी भजनों ने पूरा वातावरण धार्मिक बना दिया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चंद्राकर, मंडल भाजपा अध्यक्ष भोज बंजारे, जनपद सदस्य मंजू चतुर्वेदी, जिला मंत्री सुभाष राजपूत, प्रखंड संयोजक आनंद तंबोली, पूर्व उप सरपंच व इकाई देवांगन समाज के अध्यक्ष दादू राम देवांगन, जनपद सदस्य भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम पटेल आनंदी राम चंदेल, पूर्व सरपंच मंसाराम बांधे, खेमचंद देवांगन, लेख राम साहू सहित सहित बड़ी संख्या में आयोजन समिति सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### जिला भाजपा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में सांसद ने कहा

# भारत जीता जागता राष्ट्र पुरुष, जिसे बांटने का पाप पंडित नेहरू और कांग्रेस ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भाजपा के सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में सांसद संतोष पांडेय ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा भारत एक जीता जागता राष्ट्र पुरुष है इस राष्ट्र पुरुष को बांटने का पाप पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंडियन नेशनल कांग्रेस ने किया। नेहरू और लियाकत अली के बीच जो समझौता था उसमे सिंध प्रांत में रहने वाले हिन्दुओं को प्रांत छोड़ना पड़ा, लेकिन उनकी लाशों से भरी ट्रेन आई।

लियाकत ने समझौता तोड़ा लेकिन नेहरू ने एक्शन नहीं लिया। देश के बहुसंख्यक समाज के लिए सोचने वाले संगठन की आवश्यकता थी। सांसद पांडेय ने कहा कि नेहरू ने कश्मीर को धारा 370 का दंश देने का पाप किया जिसे धोने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। हमारे देश में रहकर भी कश्मीर हमसे अलग था। सरदार पटेल ने विलीनकरण का काम किया लेकिन नेहरू ने पटेल से कहा कि कश्मीर को मैं देख लूंगा आप बाकी पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि जिस कश्मीर में आतंकवादी संगठन काम कर रही थे। वहां आज शांति है।



#### योजनाओं की जानकारी जन-जन को देना जरूरी

सम्मेलन में सांसद पांडेय ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में आतंकवादियों के मुंबई हमले का मास्टर माइंड का भारत में प्रत्यर्पण हो गया। आम की गिरी में आम का ही पौधा निकलता है। जनसंघ से राष्ट्रवादी विचारधारा निकलती है। सक्रिय सदस्यों की बदौलत हम यहां तक पहुंचे है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के उदय का सिद्धांत दिया। शिक्षा,स्वास्थ्य जैसे समानता की योजनाएं दी लेकिन कांग्रेस सरकार ने क्या नहीं किया। इमरजेंसी लगाने का पाप किया। 1984 के दंगों में सिक्खों के नरसंहार का पाप कांग्रेस के सर पर है। सांसद पांडे ने कहा कि 2013 से पहले 18 लाख एकड़ जमीन वक्फ की थी। मनमोहन सिंह के बाद 21 लाख एकड़ हो गया उन्होंने कहा कि भाजपा मुस्लिम विरोधी नहीं है।

#### पिछड़ी बस्तियों में जाने की जरूरत

सक्रिय सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि अब महिलाओं और सरकार की भूमिका तय हो गई है। गांवों में इन बातों को लेकर जाना है। वन नेशन व वन इलेक्शन का विषय लेकर जाएंगे। जनमन के तहत वन ग्रामों में काम हो रहा है। पिछडी बस्तियों में जाने की जरूरत है। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ.बिशेसर साहू, कोमल जंघेल, खम्मन ताम्रकार, प्रेमनारायण चंद्राकर, भागवत शरण सिंह, राकेश गुप्ता, ललित चोपड़ा, पूरन जंघेल, गिरिजा चंद्राकर, अनिल अग्रवाल, शशांक ताम्रकार, अरुणा बनाफर, लिमेश्वरी साहू, आयश सिंह, आलोक श्रीवास, विक्रांत चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा के सक्रिय सदस्य मौजूद थे।


## राम कथा मर्यादा में रहना सिखाती है : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्राम बिड़ौरी में आयोजित श्रीराम कथा मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह शामिल हुए। पुराण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना साथ कथावाचक को श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। विक्रांत सिंह ने कहा कि श्रीराम कथा हमें मर्यादा में रहना सिखाती है। भगवान राम का जीवन सर्व समाज के लिए एक आदर्श है। श्रीराम के जीवन के हर पहलू से एक नई सीख मिलती है। उनका जीवन हमारा सही मार्गदर्शन करता है। भगवान श्रीराम ने समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन किया है। जीवन में आने वाली परेशानियों व कष्टों के निवारण के लिए सच्ची श्रद्धा के साथ भगवान का स्मरण करें और विद्वान एवं सिद्ध संत महात्माओं के दिखाए सत्य मार्ग का अनुसरण करें। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, दुलेश्वर साहू, आशीष सिंह, रज्जू साहू, राजेन्द्र क्षत्री, लेखराम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी श्रद्धालु उपस्थित थे।

# डॉ.भीमराव आम्बेडकर जयंती पर विशेष

























## सार समाचार



### स्वच्छता अभियान का आयोजन

**राजनांदगांव।** भाजपा के स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, मुकेश बघेल, हकीम खान, सरस्वती यादव, चंद्रभान, नरेश कोचरे, कमल, गेमू कुंजाम, मनोहर, अफजल खान, पंकज, आदित्य पराते, प्रशांत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### फारेस्ट उड़नदस्ता टीम कर रही अवैध वसूली

**राजनांदगांव।** वन विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा अवैध वसूली का एक मामला सामने आया है। जिसमें उड़नदस्ता टीम द्वारा घर-घर जाकर लकड़ी व्यापारी, ढाबा संचालक, ईंट भट्ठा और ठेकेदारों से वसूली की जा रही है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो लगभग एक माह पुराना है। बावजूद इसके उड़नदस्ता टीम पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग उड़नदस्ता टीम में पदस्थ डोमन साहू, भूषण कौशिक, पारसमणि साहू द्वारा गत माह 7 मार्च 2025 को गिरगांव निवासी भरत सिन्हा जो लकड़ी व्यापारी, ठेकेदार एवं परिवहनकर्ता भी है, के यहां उड़नदस्ता टीम के सदस्यों द्वारा उनके निवास स्थल पर जाकर वसूली करने का वीडियो वायरल हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता टीम के कुछ सदस्यों द्वारा नगद रुपए के अलावा फोन-पे पर भी पैसे लिए जाने की बात सामने आई। यदि उड़नदस्ता टीम के सभी सदस्यों के फोन की जांच की जाए तो और भी बड़े खुलासे होंगे।

### अंबेडकर जयंती पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम

**मोहला।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महिला आजीविका भवन के पास धान खरीदी केंद्र के पास आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सभी जिला मुख्यालय में समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सर्कुलर जारी किया गया है। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। विशिष्ट अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में 10 समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। ग्राम पंचायत में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु प्रति विकासखंड में 10 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सीएससी के सर्विस प्रदाता के माध्यम से एमओयू की कार्रवाई किया जाएगा।

### नियुक्तियों से महिला विरोधी चेहरा उजागर : अभिमन्यु

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि निगम-मंडल नियुक्तियों से भाजपा का दलित व महिला विरोधी चेहरा पुनः उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर भाजपा का दलित व महिला विरोधी चेहरा उजागर होता रहता है। बड़े-बड़े भाषण ये देते हैं, किंतु दोहरा चरित्र सामने आ ही जाता है। उदाहरणस्वरूप चाहे राजस्थान की बात करें, जहां दलित नेता प्रतिपक्ष के राम मंदिर दर्शन के बाद मंदिर को गंगा जल से भाजपाइयों द्वारा धुलवाया जाता है। दलितों के खिलाफ 97 प्रतिशत मामले भाजपा शासित 13 राज्यों में हो रहे हैं। जिनमें उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान से सबसे अधिक मामले हैं। एमपी के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में मौत, उड़ीसा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया, हरियाणा में बीए की फीस न भर पाने की वजह से दलित बच्ची को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा, पालघर में गर्भवती आदिवासी महिला को अस्पताल के लिए 100 किलोमीटर जाना पड़ा, आखिर में उसकी मौत हो गई।



### दहमी माताजी मंगलपाठ पोथी का विमोचन

**राजनांदगांव।** गत दिवस राजनांदगांव में आयोजित कुलदेवी दहमी मनसा माताजी का मंगलपाठ श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान मंगलपाठ पोथी का प्रकाशन होने पर विमोचन किया गया। श्री दहमी माताजी कुलदेवी परिवार के अनुसार दहमी माताजी मंगलपाठ पोथी का विमोचन दहमी माता मंदिर ट्रस्ट कोलकाता के सुशील गोयल, उनके भाई एवं राजस्थान कुलदेवी दहमी माताजी मंदिर के आचार्य पं. भोनेश मिश्रा द्वारा किया गया। पोथी विमोचन उपरांत संस्कारधानी के भजन गायक निखिल-श्याम की जोड़ी ने सुमधुर संगीतमय भजनों के साथ मंगलपाठ किया। जिसमें कुलदेवी परिवार के लगभग 400 सदस्यों ने शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंगलपाठ उपरांत प्रसादी का आनंद भी भक्तों ने प्राप्त किया। इस दौरान कुलदेवी का अद्भुत श्रृंगार किया गया। अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई, छप्पनभोग लगाया गया। समिति ने बताया कि कुलदेवी दहमी माताजी मंगलपाठ पोथी की लगभग 1000 प्रतियां देशभर में निवासरत कुलदेवी परिवार के सदस्यों को कोरियर से प्रेषित की गई है।



### पिरचा में हनुमान जन्म उत्सव मनाया



**छुईखदान।** समीपस्थ ग्राम पिरचा रोला में हनुमानजी का जन्म उत्सव एवं जन प्रतिनिधियों का सम्मान बड़े धूमधाम से मनाया गया। महिला मण्डलियों ने भजन-कीर्तन कर शोभायात्रा निकाला गया। गांव के युवाओं द्वारा भोग भन्डारा कराया गया। जनप्रतिनिधियों का सम्मान शिक्षक नेहरू जंघेल, कोमल जंघेल, ललीत वर्मा, विजय वर्मा एवं महिला मण्डलियो का सम्मान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पूर्व पंच सजु वैष्णव द्वारा किया गया। इसमें प्रमुख रूप से दीपक वैष्णव, रवि जघेल, शंकर किशोर कैच्या, हरीश वर्मा, अशोक वर्मा, अभिषेक जधेल, बालाराम भारती, सोनु वर्मा, डोमन वर्मा, सुनील वर्मा, पं. विजयेंद्र वैष्णव का सराहनीय योगदान रहा।

## पूर्व मंत्री पांडे की अध्यक्षता में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा

# हर बूथ में मनेगी अंबेडकर जयंती विचार गोष्ठी के साथ होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पखवाड़े की शुरूआत 14 से 25 अप्रैल तक होगी।

इस पखवाड़े की तैयारी के संबंध में आहूत की गई बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते कहा कि भाजपा 25 अप्रैल तक भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को बूथ मंडल एवं जिला स्तर पर मनाएगी। इसके लिए जिला स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जाति बहुल बस्ती में चौपाल लगाकर व संपर्क कर एवं फल वितरण कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक जिले एवं मंडलों में अनुसूचित जाति के प्रमुखों से संपर्क व भेंट कर उन्हें अंबेडकर जयंती की बधाई दी जाएगी।

मीडिया सेल के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात स्वागत प्रतिवेदन रखते जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 6 से 25 अप्रैल तक चलने वाले पार्टी के कार्यक्रमों की कार्य योजना बताई।

### जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

बैठक में नगर निगम, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं हाल में ही पर्यटन विभाग के राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा का सम्मान किया गया।

### योजनाओं की दी जानकारी

सांसद संतोष पांडे ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान, देश की सुरक्षा में लगे सभी सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करना, किसानों को सम्मान निधि, जनधन खाता और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य कर घर-घर पेयजल पहुंचना सहित सभी वर्गों के आर्थिक उन्नति, प्रगति और समृद्धि के लिए सैकड़ों योजनाओं का क्रियान्वयन किया। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी ने भी संबोधित किया एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। बैठक का संचालन महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन कैलाश शर्मा ने किया।

### वन नेशन वन इलेक्शन को भाजपा बढ़ाएगी आगे

भारतीय जनता पार्टी के वन पेंशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक संतोष अग्रवाल ने बताया कि फरवरी 2025 से इस विषय पर गंभीरता से विचार शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि एक-एक देश एक चुनाव से सबसे बड़ा लाभ देश को होगा। कई चरणों में चुनाव होने से आचार संहिता में विकास कार्य प्रभावित होते हैं, वह बंद हो जाएंगे। सरकारी संसाधनों की बर्बादी रूकेगी। उन्होंने बताया कि 2019 में लोकसभा चुनाव में सरकारी आंकड़ों के अनुसार 60000 करोड़ का खर्च हुआ और 2024 के लोकसभा में 1.35 लाख करोड रुपए खर्च हुआ। अगर लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय चुनाव एक साथ होने पर देश के 4.5 लाख करोड़ की बचत होगी, जो देश की जीडीपी का 1.5% है।

# संगठन में काम नहीं करने वालों को बाहर करने का दिया इशारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़ छुईखदान गंडई का आवश्यक बैठक जिला के प्रभारी कृष्णा दुबे के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस कार्यालय छुईखदान में संपन्न हुआ।

जिसमें सबसे पहले जलियांवाला बाग में हुए गोलीकांड में शहीद हुए शहीदों को कांग्रेसियों ने याद किया और उनके सम्मान में 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। निष्क्रिय पदाधिकारी को हटाने का संकेत दिया। बैठक में जिले के प्रभारी कृष्णा दुबे ने जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन को मजबूत करने और आने वाले समय में 18 से 21 अप्रैल तक दुर्ग से रायपुर के बीच होने वाले पैदलयात्रा को लेकर भी चर्चा हुई। संगठन में निष्क्रिय और जो पार्टी संगठन में काम नहीं करने वाले पदाधिकारी को किनारा कर नए कार्यकर्ताओं के चयन करने के लिए इशारे-इशारे में चर्चा की।

श्री दुबे ने बैठक में यह निर्णय लिया कि हर महीने जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिले के ब्लॉकों में तय की जाएगी। जिसमें जिलेभर के कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमीन की लड़ाई लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला प्रभारी कृष्णा दुबे, गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष तारकेश्वर शाह खुसरो, छुईखदान के राजा गिरिराज किशोर दास, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीलाल, मिहिर झा, गुलाब चोपड़ा मोहम्मद खान, अय्यूब कुरैशी सहित जिला कांग्रेस कमेटी के सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं सदस्य ग्रहण उपस्थित थे।

## कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते वारदात एवं अवैध शराब बिक्री जैसे घटना लगातार बढ रहे और सरकार इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। धर्म नगरी डोंगरगढ़ के पास करवारी में अवैध बॉटलिंग का काम हो रहा था। जिसके मुख्य गुनहगार को पकड़ा नहीं जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री विधायक धनेश पाटिला, भुनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, विभा साहू ,अंगेश्वर देशमुख, जिला महिला अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी,जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, एससी प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष गोपीचंद गायकवाड सहित बूथ के नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम दूत हनुमान भक्त सेवा समिति भोथीपारखुर्द नयापारा द्वारा श्री हनुमान जन्म उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य हर्षी चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, ऋषिदेव चौधरी, पप्पू चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। आयोजन के अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी और गांव के विकास के लिए हर संभव मदद को कहा।



### अखंड जोत और रामायण पाठ

आयोजन समित द्वारा श्रीराम जन्म उत्सव से लेकर श्री हनुमान जन्मोत्सव तक 3 अखण्ड ज्योत जलाए गए एवं भंडार के साथ प्रत्येक दिन रामायण मण्डली की प्रस्तुति और रामायण पाठ किया गया।

### बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

आयोजन के अवसर पर डेवल साहू, अभिषेक चंद्राकर, ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द सरपंच आयोजन समिति अध्यक्ष जितेंद्र साहू, गोपाल प्रसाद साहू, डॉ. सुरेश साहू, रूमलाल साहू, उपसरपंच पाशपाल साहू , चित्ररेखा साहू, मंजू साहू, सीमा साहू सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही । कार्यक्रम में मंच संचालन दीपक साहू द्वारा किया गया। वहीं स्वागत भाषण सरपंच जितेंद्र साहू और आभार प्रकट रूमलाल ने किया।

# पीएमश्री स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में नॉन बोर्ड कक्षाओं के परिणाम विद्यालय के सभागार में परीक्षा विभाग द्वारा घोषित किया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और उपहार प्रदान किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं अ की पूजा जंघेल ने 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय, छठवीं अ, ब के ही मुंजीत वर्मा व कोमल कांडे ने 94 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और कक्षा छठवीं में हिमांशु ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा सातवीं अ के मोहित कुमार साहू ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, दिव्यांशी देवांगन ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं मनन राज ने 96.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं अ के नितिन चंदेल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, राजवीर 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अनिका मिश्रा ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमीं में मोहनीश 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, राजित लाउत्रे 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और कक्षा में प्रथम स्थान आयुषी पटेल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ किया।

### नितिन प्रथम स्थान पर

कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में रोशन पटेल ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, देवाशीष साहू 79.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्रौपदी कंवर ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान संकाय में महिका लाउत्रे व खिलेंद्र सिन्हा ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अनिका नागोटे ने 84.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और नितिन साहू ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### अतिथियों का सम्मान

मंच संचालन विद्यालय के विज्ञान शिक्षक सुनील कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के प्रधानाचार्य प्रकाश यादव, उप प्रधानाचार्य सुरेश वैष्णव उपस्थित थे। प्रकाश यादव ने अपने सारगर्भित विचारों एवं आशीर्वचन से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किए और उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारण एवं प्राप्त करने के कर्म, कर्म की प्रधानता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने कर्म के प्रति सचेत एवं जागृत रहने कहा गया। अंत में अतिथियों को शाल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रूपेन्द्र सिंह, उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# मुरमुंदा के स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर आयोजित

**मुरमुंदा।** हनुमान चालीसा का पाठ रक्तदान शिविर का आयोजन श्रीराम भक्त युवा समिति मुरमुंदा के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव पर एक दिवसीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह हनुमान चालीसा पाठ कर मुरमुंदा स्वस्थ केंद्र में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 37 यूनिट रक्तदान हुआ। अटल बिहारी वाजपेई पेंड्री एवं मुरमुंदा स्वास्थ्य केंद्र की विशेष भूमिका रही। श्रीराम भक्त युवा समिति लगातार जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध करा रही है। श्रीराम भक्त समिति ने रक्तदाताओं का सम्मान किया गया और आगे रक्तदान के लिए प्रेरित किया।



पेज 11 का शेष

### महुआ शराब...

में 5 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ कीमती 1000 रुपए जुमला 25 लीटर कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 5000 रुपए को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया। आरोपी को 12 अप्रैल को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर सलोनी खैरागढ़ जेल भेजा गया।

### पशु तस्करी...

नाम-पता पूछने पर अपना नाम उमेश देवांगन 26 वर्ष निवासी सीताकसा व कामता प्रसाद 42 वर्ष निवासी कोल्हियालमती का होना बताया। पांच नग बैलों को काकोड़ी महाराष्ट्र के बूचड़खाना ले जाना बताने पर विधिवत कार्रवाई करते माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

## प्रभावी क्लास टीचिंग की दी जानकारी

# युगांतर में पैरेंट्स के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी के बच्चों के पैरेंट्स के लिए एक ओरियंटेशन प्रोग्राम संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसे प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी तथा नवनियुक्त प्रधान पाठिका विनीता तिलवानी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

विनीता तिलवानी ने 21 सेंचुरी स्किल्स का शानदार वर्णन करते बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र योजनाबद्ध तरीके से संचालित होगा। उन्होंने प्रभावी क्लास टीचिंग के बारे में भी बताया। इस दौरान कई रोचक ग्रुप एक्टिविटी भी कराई गई, जो बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली पर आधारित रही। कुल मिलाकर ओरियंटेशन प्रोग्राम उपयोगी साबित हुआ। आमंत्रित पालकों ने इस आयोजन की सराहना करते शैक्षणिक गतिविधि को प्रभावी बनाने आवश्यक सुझाव भी दिए।

प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की नियमावली की जानकारी दी। उन्होंने प्राइमरी विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि विद्यालय का शैक्षणिक सत्र नियमानुसार संचालित होगा। जिसमें बच्चों के अध्ययन के साथ उनकी स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटीज का भी विशेष ध्यान रखा गया है। पालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

इसी तरह विगत दिवस ओरियंटेशन प्रोग्राम प्री. प्राइमरी के बच्चों के पैरेंट्स के लिए संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में भी आयोजित हुआ। नरेंद्र कोटड़िया ने नए सत्र की सभी पालकों को शुभकामनाएं दी। प्री प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने इस ओरियंटेशन प्रोग्राम को भी शानदार एक्टिविटीज के जरिये यादगार बनाया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) अजय सिंगी सहित युगांतर परिवार ने आयोजन सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025



## महुआ शराब जब्त

**छुईखदान।** अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब को छिपाकर रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुईखदान पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 11 अप्रैल को ग्राम खपरीदरबार में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु अपने घर में रखने वाले आरोपी संतोष बघेल 45 साल साकिन खपरीदरबार थाना छुईखदान के कब्जे से एक सफेद रंग के जरिकेन में 20 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ कीमती 4000 रुपए तथा एक पीला रंग के प्लास्टिक जरिकेन शेष पेज 14 पर

# सर्विस लेन में अघोषित पार्किंग, लोडिंग-अनलोडिंग से हर पल जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर की अव्यवस्थित यातायात के चलते आए दिन जाम लगने की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं शहर के बीच गोदामों में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के लिए भी वाहनों को सड़क पर खड़ी किए जाने के चलते जाम की स्थिति बनती है। जिसको लेकर यातायात विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के चलते सड़क पर ही वाहन खड़े किए जा रहे हैं और यातायात विभाग की लापरवाही के चलते मारपीट की नौबत आ रही है।

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए यातायात पुलिस विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के चलते लोग मनमाने तरीके से वाहन सड़क पर ही खड़ी कर रहे हैं। जिसके चलते स्थिति बदतर हो गई है। लोगों को सुगम यातायात नहीं मिल पा रहा है, आने-जाने में दिक्कत हो रही है। वहीं शहर के बीच फ्लाई ओवर के बगल सर्विस लेन में भी वाहनों को खड़े कर माल लोडिंग-अनलोडिंग हो रहा है। बीते दिनों भी इसी तरह के मामले में एक व्यापारी और मालवाहक चालक के बीच जमकर मारपीट हुई।शहर के गंज चौक, नंदई, टांकापारा वेसलियन स्कूल रोड, गुडाखू लाइन, गायत्री मंदिर चौक से ईमाम चौक और पुराना रेस्ट हाऊस रोड में दिन में किसी भी समय वाहनों से सामान लोडिंग-अनलोडिंग किया जाता है। सबसे ज्यादा वाहन पुराना रेस्ट हाऊस से लेकर रेलवे स्टेशन मोड़ तक लगी रहती है।

## आए दिन विवाद की स्थिति, यातायात महकमा सिर्फ वसूली में मस्त

### आए दिन विवाद की स्थिति

सड़क पर वाहन खड़ी कर वाहनों में लोडिंग-अनलोडिंग कार्य के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बनती है। जिसकी वजह से कई बार राहगीरों और वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है। शहर के गंज चौक से गुरुद्वारा चौक, जयस्तंभ चौक से गांधी चौक, भगत सिंह चौक से आजाद चौक, रामाधीन मार्ग से तिरंगा चौक, गायत्री मंदिर चौक से भारत माता चौक में अक्सर जाम लगता है।




### फिल्ड से निरीक्षक गायब

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए 1 आरआई, 2 निरीक्षक, 1 उपनिरीक्षक पद के अधिकारी हैं। इसके बाद भी यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं। इन अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर पर यातायात व्यवस्था को सुधारने की दिशा में ठोस कार्य दिखाई नहीं देता है। प्रभारी के रूचि नहीं दिखाए जाने के चलते ट्रैफिक जवान भी यातायात दुरूस्त करने मेहनत नहीं कर रहे है।

## सुशासन तिहार में शिकायतों के मिले सिर्फ दस फीसदी आवेदन

# आवास, वृद्धा पेंशन के साथ बिजली-पानी की समस्या को लेकर सर्वाधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सुशासन तिहार के तहत चार दिवसीय अभियान के तहत जिलेभर से प्रशासन को सवा लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें महज दस प्रतिशत आवेदन ही शिकायत के है, शेष 90 फीसदी आवेदन मांगों को लेकर है। जिनमें सर्वाधिक आवेदन पीएम आवास की सूची में नाम, वृद्धा पेंशन दिलवाने, बिजली और लो-वॉल्टेज की समस्या और पानी की कमी को लेकर सामने आई है। प्रशासन अब इन आवेदनों को विभागवार सुलझाने में जुट गया है। महीनेभर के भीतर इनका समाधान किया जाएगा। जिसके बाद 5 मई से शुरू होने वाले समाधान शिविर के दौरान सभी आवेदनकर्ताओं को फोन के जरिये सूचना देकर उनके आवेदन की स्थिति बताई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेशभर में 8 से 11 अप्रैल के तहत सुशासन तिहार का पहला चरण आयोजित किया गया। इसमें जिले में कुल 122261 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 3597 आवेदन शिकायत और 118664 आवेदन मांग को लेकर थे। पहले चरण के तहत सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण इलाकों में शिविर लगाकर शिकायत एवं मांग के आवेदन लिए गए। इन आवेदनों को ऑनलाइन अपडेट भी किया जा रहा है। प्रशासन को लिखित आवेदन के अलावा शिविर के दौरान ही बड़ी संख्या में मौखिक शिकायतें भी लोगों ने की है। हालांकि लिखित आवेदनों का ही रिकार्ड प्रशासन रखेगा। इधर इन आए आवेदनों पर अब काम शुरू हो गया है। सभी विभाग को आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश जारी किए गए हैं।

## एक माह के भीतर लोगों की मांगों को पूरा करना बड़ी चुनौती

### अजीब-गरीब भी मांग आई सामने

सुशासन तिहार के तहत सरकार ने लोगों से उनकी समस्याओं के आवेदन मंगाए थे। इस



प्रक्रिया के दौरान कुछ लोगों ने अजीबो-गरीब मांग के आवेदन भी दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आवेदन में गरीब होने के चलते आर्थिक सहायता दिलाने, जॉब दिलाने सहित अन्य कई ऐसी मांग की गई है।बताया गया कि प्राप्त आवेदनों का निपटारा शुरू कर दिया गया है। जिला स्तर पर सभी विभाग का निराकरण को लेकर रिव्यु किया जाएगा। इसके बाद सभी आवेदनकर्ताओं को फोन कर समाधान शिविर की सूचना दी जाएगी। समाधान शिविर में बुलाकर आवेदनकर्ताओं को उनके आवेदन की स्थिति या उस पर किए गए प्रयास के बारे में जानकारी दी जाएगी। ज्ञात हो कि प्रदेशभर में 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कहां से आए कितने आवेदन

| ब्लॉक | छुरिया | राजनांदगांव | डोंगरगांव | डोंगरगढ़ |
|---|---|---|---|---|
| आवेदन | 25562 | 44371 | 19313 | 21155 |
| मांग | 25108 | 43307 | 18919 | 20658 |
| शिकायत | 454 | 1064 | 394 | 497 |

### 2011 के सर्वे के कारण पेंशन नहीं

सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों में सर्वाधिक मांग वृद्धा पेंशन को लेकर मिले हैं। हालांकि अभी अधिकारिक आंकड़े सामने नहीं आए हैं, लेकिन प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मांग वाले आवेदनों में वृद्धा पेंशन दिलवाने की मांग वाले आवेदन ही अधिक है। बताया गया कि 2011 में अंतिम बार गरीबी रेखा का सर्वे किया गया था। ऐसे में उस सूची के आधार पर ही वृद्धा पेंशन दी जा रही है। जबकि उसके बाद गरीबी रेखा में शामिल हुए वृद्ध लोगों के नाम इसमें नहीं जुड़ पा रहे हैं।

### आवास सूची में नाम, बिजली-पानी की दिक्कतें

आवेदन के जरिये लोगों ने बड़ी संख्या में यह भी मांग की है कि उनके द्वारा पीएम आवास के लिए किए गए आवेदन को स्वीकृति दिलाई जाए। हालांकि इस मामले में बताया गया कि बड़ी संख्या में लोगों के आवेदन पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा अपना नाम सूची में नहीं देखे जाने के चलते उन्होंने सुशासन तिहार के तहत आवेदन कर दिया है। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर पानी और बिजली की दिक्कतें रही। नल कनेक्शन दिलाने, पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसी मांग लोगों द्वारा की गई है। इसके साथ ही गांव में बिजली की लगातार हो रही कटौती, लो-वॉल्टेज की समस्या को लेकर भी बड़ी संख्या में लोगों ने आवेदन किया है।

# प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा जारी होगा हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पालकों की शिकायत के बाद पिछले सोमवार को जिला प्रशासन ने सभी निजी स्कूलों की एक बैठक ली थी। इस बैठक में चार एजेंडे को लेकर चर्चा के बाद दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि माशिमं से मान्यता प्राप्त स्कूलों में किसी भी प्रकार से सीबीएसई पैटर्न का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इन स्कूलों में अनिवार्य रूप से एससीईआरटी किताबों से ही पढ़ाई कराई जानी है। इस निर्देश के बाद भी निजी स्कूल संचालक अपनी मनमानी बंद करने को तैयार नहीं है।

आलम यह है कि जिला प्रशासन को आंख दिखाते हुए इन स्कूलों ने सीजी बोर्ड की मान्यता होने के बाद भी पालकों से सीबीएसई की किताबें खरीदी करवा ली है। इतना ही नहीं किताबें भी निजी पब्लिकेशन की खरीदवाई गई है। जबकि डीईओ ने साफ कहा था कि निर्देश जारी किए जाने के बाद भी यदि शिकायत प्राप्त हुई तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। हालांकि स्कूलों ने कार्रवाई से बचने की कवायद भी शुरू कर दी है। निजी स्कूल संचालक जिला शिक्षा विभाग पर दबाव डलवाने के लिए भी नेताओं का सहारा ले रहे हैं।

### मंगलवार से शुरू होगी सुविधा

डीईओ पीएस बघेल ने बताया कि पालकों को हेल्प लाइन नंबर की सुविधा भी जल्द ही दी जाएगी। आगामी मंगलवार से इसे सुचारू रूप से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पालक इसमें अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इन शिकायतों के आधार पर ही निजी स्कूलों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पूरी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

# आम्बेडकर जयंती पर आज विविध आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

संविधान वेत्ता डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती कल 14 अप्रैल को नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाई जाएगी। नगर में मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी जो आदर्श नागसेन बुद्धबिहार में शुरू होकर भीमनगर, राजीवनगर, संजयनगर, गोलबाजार, केदारबाड़ी, इंदिरा नगर, रेलवे चौक, बुधवारी, जयस्तंभ चौक, भुरवाटोला सहित अन्य जगह तक जाएगी। रात 9 जनपद के पास धम्म भोज का आयोजन रखा गया। आदर्श नागसेन बुद्ध विहार में बुद्ध एवं भीम गीत पर आधारित रिकार्डिंग डांस रखा गया है। कल 14 अप्रैल को नागसेन बुद्ध विहार में प्रातः 9 बजे झंडा वंदन, परित्राण पाठ के पश्चात प्रसाद का वितरण होगा । सुबह 10 बजे रेलवे स्टेशन, कचहरी स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। शाम 4.30 बजे नागसेन बुद्ध विहार से रैली निकलेगी। रैली में झांकी एवं चलित प्रदर्शनी भी शामिल होगी।

### प्रतिमा की सफाई

अंबेडकर जयंती के एक दिन पहले तहसील कार्यालय में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा एवं परिसर की भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई किया। इस मिशन में रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, जस्मित सिंग बन्नोआना, सत्यप्रकाश मिश्रा, विनय बंसल, विनित यादव, परविंदर सिंग मोंटी, प्रीति चमन समुंद्रे, सविता दरगढ, कैलाश सोनवानी, महेन्द्र डोंगरे, गुडडी यादव, अजय शर्मा, रतन कोसे, देवेन्द्र साखरे, ललित शर्मा, लोकेश इंदुलकर, ओमप्रकाश साखरे, शिवांगी साखरे सहित अन्य शामिल हुए।

## पशु तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मवेशियों को हांकते हुए पैदल महाराष्ट्र की ओर ले जा रहे तस्करों को पुलिस ने पकड़कर पांच मवेशी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 13 अप्रैल की सुबह मुखबीर से गैंदाटोला पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिला कि दो व्यक्ति पांच नग बैलों को पैदल हांककर ग्राम दतरेंगाटोला के कच्ची-बैराज मार्ग से होते हुए काकोड़ी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र के बूचड़खाना क्रूरतापूर्वक बांधकर बिना चारा-पानी के मारते पीटते हुए ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दतरेंगाटोला के पास पुलिस ने नाकेबंदी कर उक्त व्यक्तियों को रोककर शेष पेज 14 पर

## गौरवपथ में युवक से मोबाइल झपटमारी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मोबाइल की झपटमारी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नागेश्वर मंडावी निवासी चमरूटोला थाना चिल्हाटी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी हाल राजीव नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12 अप्रैल को वह अपने घर जा रहा था कि गौरवपथ हौम्योपैथिक के पास पहुंचा था कि सामने से आ रही एक्टिवा में सवार अज्ञात व्यक्ति इसके सामने आकर प्रार्थी के मोबाइल को झपटमारी कर भाग गया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### मोबाइल व चाकू बरामद

टीआई एमन साहू ने बताया कि आरोपी शोहेब खान 20 साल निवासी संगम चौक ममता नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो घटना में शामिल होना स्वीकार किया। झपटमारी किए मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एक्टिवा एवं वाहन से चाकू बरामद कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोडकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## ढाबों में पुलिस की दबिश, अवैध शराब बिक्री करने वाले संचालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

ढाबों में पुलिस टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में कार्रवाई की है एवं शराब भी बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुंडा बदमाशों एवं अवैध शराब परिवहन, बिक्री करने वाले ढाबा संचालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत पुलिस को 12 अप्रैल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम कोहका बिहार पटना ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा। मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ढाबा के पास खेत में मात्रा से अधिक शराब छुपाकर रखे व्यक्ति को पकड़ा, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम रोहित वैष्णव 20 वर्ष निवासी ग्राम बिसाहूटोला पुलिस चौकी चिचोला बताया।




### शराब व बीयर बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नीले रंग के प्लास्टिक के 7 कैरेट में 162 नग देशी मदिरा प्लेन शराब रोमियो ब्रांड, 2 नग नीले रंग के प्लास्टिक के बोरी में 50 पौवा अंग्रेजी शराब सिडिकेट व्हीस्की, 1 सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 6 बोतल बटवाईजर बीयर एवं 6 केन हंटर बीयर कीमती 22040 रुपए पाए जब्त की गई। आरोपी ने बताया कि ढाबा संचालनकर्ता अंकित यादव द्वारा शराब खरीदकर लाकर उसे देकर ढाबा के साईड में खेत में छुपाकर रखकर बिक्री करने कहा था।

### फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश

पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया तथा अन्य फरार आरोपी ढाबा संचालक अंकित यादव की पतातलाश की जा रही है।

## अंबेडकर जयंती आज, जिलेभर में विविध आयोजन

# बाइक रैली में गूंजे जय भीम के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती से पूर्व शहर में आज बौद्ध अनुयायियों द्वारा मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का जन्मदिन बौद्ध समाज के लोगों द्वारा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं अंबेडकर जयंती से एक दिन पूर्व शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निकली मोटर साइकिल रैली शहर के अंबेडकर चौक से बजरंगपुर, नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, स्टेशनपारा, कमठी लाइन, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, दुर्गा चौक होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी और वापस सिविल लाइन के अंबेडकर सांस्कृतिक भवन पहुंचकर संपन्न हुई।



### शहर में निकलेगी झांकी

अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को शहर के 22 अलग-अलग वार्डों से झांकी निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन पहुंचेगी। इससे पहले सुबह 9 बजे स्थानीय कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में समाज के लोगों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

### आज विविध आयोजन

अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर धम्म उपदेश, संविधान की प्रस्तावना का वचन, भंडारा प्रसादी और झांकियों का पुरस्कार वितरण संपन्न होगा। मोटर साइकिल रैली में शामिल होकर बौद्ध अनुयायियों ने जय भीम के नारे लगाए। वहीं शहर के जयस्तंभ चौक में संविधान की प्रस्तावना का समाज के लोगों ने पठन किया और बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलने शपथ ली।



## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग में हिमांशु साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पंडरिया निवासी हिमांशु साहू ने राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन बिलासपुर 93 किलो ग्राम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर पंचायत पंडरिया व कबीरधाम जिले को गौरवांवित किया। वहीं श्री साहू को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर परिजनों व नगर पंचायत पंडरिया के गणमान्य नागरिकों तथा ईष्टमित्रों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही साथ हिमांशु साहू को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी- में प्रवेश प्रारंभ

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम सिंघनपुरी-कवर्धा में दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय संचालित है। संस्था में कक्षा पहली से सातवीं तक की कक्षाओं में निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ है, यहां विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दृष्टि बाधित छात्राओं को ब्रेल-लिपि के माध्यम से एवं श्रवण बाधित छात्राओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन का कार्य करवाया जाता है साथ ही श्रवण बाधित छात्राओं को ग्रुप हियरिंग डिवाइस के माध्यम से स्पीच थैरपी का कार्य भी करवाया जाता है। वहीं छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध है जहां निःशुल्क भोजन, वस्त्र-बिस्तर, मनोरंजन, खेलकूद के साधन उपलब्ध है। प्रवेश हेतु इस संस्था के शिक्षक श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा एवं श्रीमती जागेश्वरी चंद्रा से शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी-कवर्धा में प्रवेश हेतु संपर्क किया जा सकता है।

### सुशासन तिहार: समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों का होगा त्वरित समाधान

# कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में संवाद से समाधान और सुशासन को अधिक मजबूती देने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार आम जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्या के निदान करने की दिशा में कार्य करने की महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्टर श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार के पहले चरण का आयोजन 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया गया, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों ने बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं समाधान पेटी के माध्यम से प्रस्तुत की। इस दौरान जिले भर से कुल 88,324 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 82,926 आवेदन ग्रामीण क्षेत्रों से और 5,398 आवेदन नगरीय निकायों से प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि पहले चरण में प्राप्त सभी आवेदनों का एक माह की अवधि में त्वरित निराकरण किया जाएगा।

इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच कर, शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिले में कुल 88,324 आवेदन प्राप्त हुए है। ग्रामीण क्षेत्रों से 82 हजार 926 आवेदन प्राप्त हुए है। इसमें बोड़ला विकासखंड से 23 हजार 795, कवर्धा विकासखंड से 21 हजार 503, पंडरिया विकासखंड से 26 हजार 102 और सहसपुर लोहारा विकासखंड से 11 हजार 526 आवेदन प्राप्त हुए है। इसी प्रकार 7 नगरीय निकाय से 5398 आवेदन प्राप्त हुए है। इसमें कवर्धा से 594, पंडरिया से 2433, पिपरिया से 82, बोड़ला से 787, पांडातराई से 906, सहसपुर लोहारा से 335 और इंदौरी से 261 आवेदन प्राप्त हुए है। श्री वर्मा ने प्रथम चरण के अंतर्गत प्राप्त आवेदन का निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण अंतर्गत एक माह में आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। संबंधित विभाग उन आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से करना सुनिश्चित करे।

कलेक्टर ने आवेदनों के मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदनों का गंभीरतापूर्वक जांच करे और उसका निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का आयोजन प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस पहल के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए एक सशक्त मंच मिले और प्रशासन उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करे। इस कार्यक्रम के दौरान प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों और आवेदन का निराकरण समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

#### दूसरे चरण में होगा आवेदन निराकरण



प्रथम चरण में 08 से 11 अप्रैल तक आवेदन लिया गया है। दूसरे चरण में एक माह के भीतर सभी आवेदनों को स्कैन कर संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा और उनका निराकरण किया जाएगा। मांग आधारित आवेदनों पर बजट की उपलब्धता अनुसार कार्रवाई होगी। निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई तक 2025 के बीच समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों के मध्य शिविर लगेंगे, जहां आवेदकों को उनके प्रकरणों की जानकारी दी जाएगी। शिविरों की तिथि की सूचना एसएमएस और पावती के माध्यम से दी जाएगी। जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में संभव होगा, वहीं किया जाएगा। शेष आवेदनों को एक माह में हल कर जानकारी दी जाएगी। शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर की निगरानी हेतु खंड स्तरीय अधिकारी को प्रभारी बनाया जाएगा।

# पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का आयोजन 18 अप्रैल से



■ तैयारी में जुटे ग्रामीण जन, क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कारीमाटी में 11 दिवसीय 18 से 28 अप्रैल तक भव्य श्री पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 11 दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 18 अप्रैल को विधि विधान से पूजा अर्चना कर नगर भ्रमण करते हुए भव्य शोभा यात्रा के साथ महायज्ञ का प्रारंभ किया जाएगा।

इस आयोजन में पं जगकुमार शास्त्री महाराज आचार्य, सुरेंद्र पांडेय ग्रामचार्य, चंद्रिका पांडेय, ललित शर्मा, पं विद्याभूषण शर्मा, पं रूपनारायण शर्मा, पं अविनाश शर्मा, पं गोरेलाल शर्मा एवं यज्ञाचार्य बाल व्यास श्रीवेद मूर्ति मोहन शास्त्री, श्रीवेद मूर्ति राज राजेश्वरी विद्यापीठ वैदिक बाल व्यास श्री काशी वाराणसी उत्तर प्रदेश के परम सानिध्य में व श्रीमद् भागवत महापुराण कथा वाचक व्यास पं भुलेश्वर शास्त्री महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीमद् भागवत व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कथा श्रवण पान कराया जाएगा। वहीं ग्राम कारीमाटी के ग्रामीणों व भक्तजन श्री पंच कुण्डीय लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ की तैयारियों में जुटे हुए है। जिस पर ग्रामीण तथा भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# बहबलिया में भाजपा कुण्डा मण्डल ने गांव-बस्ती चलो अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भाजपा ने हाल ही में अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया व स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने हर बूथ पर वक्ता नियुक्त किया गया। जिसमें भाजपा द्वारा 6 सूत्रीय कार्यक्रम जैसे बूथ का बैठक पार्टी का झंडा लेकर घर-घर लगाना, सार्वजनिक, धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाना एवं लाभार्थियों के घर-घर जाकर चर्चा करना बूथ स्तर पर कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को भाजपा कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्राम बहबलिया में वक्ता के रूप में अश्वनी यदु ने बूथ में बैठक लेकर मंदिर, स्कूल एवं गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है साथ ही साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, भूमिहीन जैसे विभिन्न लाभार्थियों से बात-चीत कर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झंडा लेकर सभी गली-मोहल्ले में रैली निकालकर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में अश्वनी यदू, जगतराम साहू, विनोद साहू, दादूराम साहू, गेंदराम साहू, जनकराम साहू, रामसिंह साहू, सतरमन साहू, नरोत्तम साहू, दुखुराम साहू, सोन कुमार साहू, सोनू यादव, भूपेंद्र यादव, वासुदेव यादव, कमल साहू, पिंटू साहू, रामभरोस साहू, मोहन साहू, फिरतूराम साहू, सुखीराम साहू सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

# नई शराब दुकान खोले जाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

नई शराब दुकान खोले जाने को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसमें छत्तीसगढ़ में 67 नई शराब दुकानें खोली जाएंगी। इसे लेकर अब जिलों में प्रक्रिया शुरू हो गई है। वहीं इस बीच लगातार विरोध की खबरें भी आ रही है और शराब दुकान खुलने से माहौल खराब होगा।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव व क्षेत्र मे नई शराब दुकान खुली तो गांव में अपराध के साथ बर्बादी शुरू हो जाएगी साथ ही साथ शराब दुकान खुलने से बच्चों पर असर पड़ेगा। प्रदेश में 67 नई शराब दुकान खोलने को लेकर प्रस्ताव की खबर आया है तब से लेकर विपक्ष से लेकर आम नागरिकों में इस समय चर्चा जोरो से चल रहा है आखिरकार भाजपा सरकार को नई शराब भट्टी खोलने का क्या जरूरत पड़ गया? वहीं जब पूर्व में कांग्रेस की सरकार थी तो उस समय यही भाजपा विपक्ष को लगातार हल्ला-बोल व सरकार को घेरने की काम कर रही थी, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश में नई 67 शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव किया गया है जिसको लेकर काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### अंतर्राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग में ओवरऑल का किताब जीतेः सूरज राजपूत




**हरिभूमि कवर्धा।** अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त भारतीय खेल संघ द्वारा नेपाल के पोखरा शहर में 3 से 7 अप्रैल को आयोजित किया गया, जिसमें इस खेल में 7 देश से के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए वहीं पाकिस्तान, बर्मा, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और भारत जिसमें खेल में 300 से 350 सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वहीं भारत देश के छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले से सूरज राजपूत बॉडी बिल्डिंग, अभिषेक तिवारी वेटलिफ्टिंग, दीपाली सोनी वेटलिफ्टिंग, अनुराग जांगड़े वेटलिफ्टिंग में भाग लिया। वहीं बॉडी बिल्डिंग में सूरज राजपूत ने 7 देश के खिलाड़ियों को हराकर इंटरनेशनल मिस्टर एसबीकेएफ ओवरऑल का किताब जीत के भारत देश और छत्तीसगढ़ के जिले का नाम रौशन किया। यह कवर्धा के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जो तिरंगा लहरा के देश और कवर्धा जिला का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाया साथ ही साथ इससे भी पहले सीन नेशनल बॉडी बिल्डिंग सीनियर नेशनल पॉवर लिफ्टिंग में भी यह मेडल प्राप्त कर और मिस्टर छत्तीसगढ़ कभी किताब हासिल कर चुके हैं। वहीं लिफ्टिंग खेल में कवर्धा की पहली महिला खिलाड़ी दीपाली सोनी अपने 76 किलो खेल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर कवर्धा जिले का नाम रोशन किया, अभिषेक तिवारी ने वेटलिफ्टिंग खेल पुरुष 67 वर्ग में सब जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल लिया इससे पहले स्कूल नेशनल गेम में मेडल ले चुका है तथा 14 वर्ष के अनुराग जांगड़े सब जूनियर में 109 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर देश तथा कबीरधाम जिले का नाम रौशन किया। जिस पर वन मंडल अधिकारी शशि कुमार, दिनेश चंद्रवंशी, उमंग पांडेय, गुलाब डड़सेना, सतीश तंबोली, सुशील कुमार वर्मा, मीना धुर्वे, ने खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आज सामाजिक समरसता समारोह आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को जिला स्तरीय सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत कबीरधाम में दोपहर 10.30 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन सभी अतिथियों द्वारा किया जावेगा । डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं प्रेरणादायी जीवन पर आमंत्रित अतिथियों द्वारा चर्चा भी की जाएगी। महान व्यक्तिव डॉ अम्बेडकर के मंशानुसार व सोंच अनुरूप आज समाज के हर वर्ग को सम्मानपूर्वक विकास का अवसर मिल रहा है । इसी क्रम में जिले के सभी समाज प्रमुखो को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है, समाज में समरसता बढ़ाने में इन महानुभावों के योगदान को सम्मानित करने का कार्यक्रम भी रखा गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में उल्लेखनीय कार्य करने वाले आवास एम्बेसडरो का भी सम्मान होगा। इसके साथ ही ग्रामीण जनता को ग्राम पंचायत में ही हर प्रकार की डिजिटल व बैंकिंग सुविधा मुहैया कराने के लिए जिले के 40 ग्राम पंचायतो में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना का मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयु) ग्राम पंचायत सरपंच एवं संबंधित कॉमन चॉइस सेंटर के बीच में संपन्न कराया जाएगा । उल्लेखनीय है कि सामाजिक समरसता कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में जुड़कर सभा को संबोधित करेंगे। जिले जल संचयन की महत्ता, भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के संबंध में भी चर्चा की जाएगी, प्रधानमंत्री आवास योजना वंचित हितग्राहियों के शत प्रतिशत सर्वे सुनिश्चित करने के लिए 25 से 30 अप्रैल तक मोर दुवार- साय सरकार कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया जाएगा। अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि गणो के साथ कलेक्टर कबीरधाम श्री गोपाल वर्मा सहित लाभार्थी व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# कुण्डा में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरण किया गया

■ मंदिर प्रांगण में प्रभात फेरी मण्डली कुण्डा द्वारा भजन गायन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



प्रदेश भर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यही वो पावन दिन था जब माता अंजनी और वानर राज राजा केसरी के घर मारुति नंदन का जन्म हुआ। प्रत्येक वर्ष इस दिन धूमधाम के साथ हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाता है इस दिन मारुति नंदन के साथ प्रभु श्रीराम और माता सीता की भी पूजा-अर्चना विधान है। दरअसल कहा जाता है कि बिना श्रीराम जी की पूजा के बजरंगबली की आराधना अधूरी मानी जाती है। इसी परम्परा को निर्वहन करते हुए ग्राम पंचायत कुण्डा द्वारा थाना के समीप बजरंगबली मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं संगीत भजन बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। वहीं सरपंच हरेंद्र चंद्राकर एवं समस्त पंचगण सामूहिक रूप से महाआरती कर जिलेवासियों एवं ग्रामवासियों की सुख शांति समृद्धि और निरोगी जीवन की कमाना की। इस दौरान सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, पंचगण भूपेंद्र चंद्राकर, वागीश चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, लवलेश चंद्राकर, ओमप्रकाश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, रमेश साहू, लव साहू, भागवत साहू, चैतन्य सोनी, पन्ना साहू, माधुरी साहू, अमन खनूजा, लिल्लू यादव, रोहित यादव, राजेश यादव, नरेश यादव, गौतम मानिकपुरी, गोपाल यादव, प्रभु सिंगरौल, रामफल साहू, संदीप निषाद, मोहन चंद्राकर, रामप्रसाद चंद्राकर, शिवप्रसाद चंद्राकर, दादू चंद्रसेन, पिंटू चंद्राकर सहित प्रभात फेरी मण्डली एवं बड़ी संख्या ग्रामवासी गण उपस्थित थें।




### चयनित अग्निवीर अब अपने परिवार का नहीं बल्कि भारत माता का बेटा हैः वीरेन्द्र

# अग्निवीर के लिए चयनित युवाओं का किया गया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आर्मी ग्रुप द्वारा अग्निवीर के लिए चयनित युवाओं का एक सम्मान समारोह कवर्धा स्टेडियम में रविवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिला पंचायत कवर्धा के सभापति वीरेन्द्र साहू तथा जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष गणेश तिवारी उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा अग्निवीर के लिए चयनित युवाओं का माल्यार्पण तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत कवर्धा के सभापति वीरेन्द्र साहू ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का दिन है। हम यहां एकत्र हुए हैं उन युवाओं के सम्मान में जिन्होंने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि अपने गांव, समाज और देश का नाम रौशन किया है। श्री साहू ने कहा कि आप सभी अग्निवीरों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आपने साबित कर दिया कि यदि इरादे मजबूत हों, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। आप अब सिर्फ अपने परिवार के नहीं, बल्कि भारत माता के सपूत हैं। आप भारतीय सेना का हिस्सा बनेंगे, जो न सिर्फ एक नौकरी है, बल्कि एक सेवा, समर्पण और बलिदान का प्रतीक है। आपकी यह यात्रा अब देश सेवा की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होने कहा कि मैं आपके माता-पिता और परिवारजनों को भी बधाई देता हूं, जिन्होंने आपका साथ दिया, आपका हौसला बढ़ाया और इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष गणेश तिवारी ने कहा कि अग्निवीर योजना ने युवाओं को देश भक्ति और देश सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होने युवाओं से इस सेवा से जुड़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में आर्मी ग्रुप के कोच सुनील सरोज, ग्रुप के अध्यक्ष पोखराज पाली, उम्मेश्वर साहू, भरत व अग्निवीर में चयनित उम्मीदवार के परिजन सहित आर्मी ग्रुप के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मारपीट का फरार आरोपी किया गया गिरफ्तार

**कवर्धा।** पाण्डातराई पुलिस ने बीते महिने होलिका दहन की रात मारपीट कर पीड़ित को गंभीर चोट पहुंचाने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पाण्डातराई पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 30/2025 धारा 118(2), 324(2), 126(2), 296, 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। जिसके तहत पुलिस ने मामले के फरार आरोपी अनिल चंद्रवंशी पिता बालाराम चंद्रवंशी निवासी डोंगरिया कला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल दाखिल किया गया। इससे पूर्व मामले के तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### हादसे में मोटर साइकिल चालक की मौत

**डोंगरगढ़।** खैरागढ़ से बोरतलाव मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही होने से दुर्घटना होना अब आम बात हो गई है। इस मार्ग पर पिछले 10 सालो में कई लोग घायल हो चुके है तो कई लोग जान गंवा चुके हैं। बीते शनिवार को अज्ञात ट्रक ने मोटर साईकल चालक को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक ड्राईवर घटना के बाद फरार हो गया और मौके पर ही मोटर साईकल चालक की मौत हो गईं। घटना से गुस्साए लोगों के जमा होने से मार्ग जाम हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को हटाया और आक्रोषित लोगों को हटाकर माहौल शांत कराया।

**समस्याः** एक किलो मीटर खड़ी चढ़ाई पार कर करनी पड़ रही है पेयजल की व्यवस्था

# ग्राम चांऊरडोंगरी पेयजल के लिए पूरी तरह झिरिया पर आश्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/कुई/कुकदुर

लगातार बढ़ती तपिश के चलते जिले के विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत सेंदुरखार के आश्रित वनांचल ग्राम चांऊरडोंगरी में भीषण जल संकट देखने को मिल रहा है। आलम ये है कि बढ़ती गर्मी के साथ यहां पेयजल की सरकारी व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ चुकी है और गांव की पूरी आबादी अब पेयजल व निस्तारी के लिए पूरी तरह से झिरिया पर आश्रित हो गई है। लेकिन इससे भी बड़ा दुर्भाग्य का विषय है कि इन मजबूर, लाचार तथा सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहे वनवासियों को झिरिया का पानी भी हाड़तोड़ मसक्कत के बाद नसीब हो पा रहा है वह भी अपर्याप्त। बताया जाता है कि ग्रामीण महिलाओं को अपने और अपने परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के लिए करीब एक किलो मीटर की लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। पानी की भीषण किल्लत झेल रहे ग्राम चांऊरडोंगरी के ग्रामीणों ने बताया कि इस भीषण गर्मी के दौर में उनके सामने तो पेयजल की भारी किल्लत है ही साथ ही स्थानीय नदी नालों के सूख जाने के कारण उनके मवेशियों के लिए भी पानी का जुगाड़ कर पाना तेढ़ी खीर साबित हो रहा है। उन्होने बताया कि उन्हें पानी के लिए गांव की सभी महिलाओं को 1 किलो मीटर की खड़ी चढ़ाई पार करते हुए पेयजल की व्यवस्था करती है। उसमें भी यहां ईकलौती झिरिया में इतनी भीड़ हो जाती है कि उन्हें पर्याप्त पानी भी नहीं मिल पाता है। जिसके चलते उन्हें भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।





### शासन, प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मना रहे सुशासन तिहार

इसे विडंबना के साथ ही दुर्भाग्य ही कहें कि इन दिनों शासन से लेकर जिला प्रशासन और क्षेत्र के सत्ताधारी जनप्रतिनिधि सुशासन तिहार मनाने में व्यस्त है। जबकि जमीनी हकीकत ये है कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद प्रदेश की सत्ता में करीब आठ साल तक कांग्रेस सरकार के राज करने और डेढ़ दशक से अधिक तक भाजपा के सत्ता पर काबिज रहने के बाद भी जिले के दर्जनों ग्रामों में आज तलक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की जा सकी है कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा के तहत शुद्ध पेयजल नसीब हो सके। माना जा रहा है कि अगर इस दिशा में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी नलजल योजना का संबंधित विभाग के साथ आला प्रशासनिक अधिकारियों तथा क्षेत्र के औहदेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वाहन किया गया होता तो आज ग्रामीणों के सामने पेयजल की यह किल्लत उत्पन्न नहीं होती। लेकिन योजना में लिप्त भ्रष्टाचारियों ने प्यासों के हक का पानी भी उन्हें नसीब नहीं होने दिया। नतीजतन आज जिले के गांव- गांव में नलजल योजना के तहत निर्मित कराई गई विशालकाय पानी टंकी और पूरे गांव में बिछाई गई पाईप लाईन तथा दूसरे तथा कथित इंतजाम प्यासों को मुंह चिड़ा रही है।

## नाबालिग के अपहरण मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दशरंगपुर चौकी पुलिस ने नाबालिग युवति का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध धारा 137(2), 87, 64(2) बीएनएसएस एवं धारा 6 पॉस्को एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी दशरंगपुर में अपहृत बालिका के पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रपट दशरंगपुर पुलिस चौकी में गत 11 अप्रैल 2025 को दर्ज कराई थी। जिसके आधार मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जांच के निर्देश दिए थे। विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली की नाबालिग युवति अभियुक्त सुमित नेताम पिता रामप्रसाद, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम हीरापुर, थाना पिपरिया के कब्जे में है। इस जानकारी के बाद पुलिस टीम ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर पीड़िता को ग्राम भंडार एवं छिरपानी के मध्य सड़क पर अभियुक्त सुमित नेताम के कब्जे से बरामद कर लिया। पीड़िता के बयान के आधार पर अभियुक्त द्वारा बहला-फुसलाकर अपहरण एवं जबरन शारीरिक संबंध बनाए जाने की पुष्टि की गई। अभियुक्त सुमित नेताम के विरुद्ध धारा 137(2), 87, 64(2) बीएनएसएस एवं धारा 6 पॉस्को एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 88/2025 दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके तहत अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण साव एवं चौकी दशरंगपुर के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# कवर्धा शहर में की गई तालाब संरक्षण अभियान की शुरूआत

## राधा कृष्ण बड़े तालाब में किया गया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में चल रहे स्वच्छ, सुंदर विकसित कवर्धा के संकल्प को लेकर आज से शहर के तालाबो के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज राधा कृष्णा मंदिर बड़े तालाब में साफ-सफाई श्रमदान से शुरुवात किया गया। श्रमदान हेतु नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा समाज सेवी, संस्था प्रमुख को आमंत्रित कर अभियान में शामिल होने निवेदन किया था निवेदन स्वीकार कर हरीतिमा टीम, माँ काली योग समिति, यूथ क्लब, लायंस क्लब के टीम इस अभियान में अपना श्रमदान किया तथा इस स्वच्छता कार्यक्रम को जन अभियान का रूप देते हुए इस तरह के अभियान के लिए नगर पालिका टीम को बधाई देते हुए नगर पालिका क्षेत्र में चलाए जा रहे इस स्वच्छता कार्यक्रम में हर संभव शामिल होने का संकल्प किया।

### स्वच्छता के क्षेत्र आएगी जागरूकता

स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित कवर्धा के संकल्प के साथ नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में आज शहर के तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान की शुरुआत राधा कृष्णा मंदिर स्थित बड़े तालाब में श्रमदान के माध्यम से सफाई कार्य करके की गई, जो स्वच्छता के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाएगी।

### सभी के सहयोग से बनेगा स्वच्छ कवर्धा

हमारा संकल्प है कि कवर्धा को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाया जाए। इसी दिशा में आज हमने शहर के तालाबों के संरक्षण और संवर्धन की शुरुआत बड़े तालाब की सफाई से की है। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का प्रतीक है। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूँ कि वे इस मुहिम में सहभागी बनें और अपने शहर को स्वच्छ और समृद्ध बनाने में योगदान दें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को शहर के तालाबो, प्रमुख स्थानों में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चलाया जाएगा। इस अभियान में सामाजिक संस्था, समाज प्रमुखों के साथ साथ गणमान्य नागरिकगण एम, जनसामान्य लोगो को भी जोड़ा जाएगा। श्रम दान करने पहुंचे सामाजिक संगठनों के लोगो ने कहा की स्वच्छ, सुंदर, विकसित कवर्धा की दिशा में यह कदम एक मजबूत शुरुआत है। समाजसेवियों और संस्थाओं को आमंत्रित कर अभियान में सहभागी बनाना सामाजिक जागरूकता को बढ़ाता है और जन-सहभागिता को प्रोत्साहित करता है। तालाबों में श्रमदान से लोगों में सेवा भाव और जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करता है।

# फिर दबोचे गए आईपीएल में सट्टा खेलाने वाले 2 सटोरिया

- आरोपियों के ठिकाने से 35,850 रुपए नगद व 2 मोबाइल जप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आईपीएल क्रिकेट मैच प्रारंभ होने के साथ ही जिलेभर में सट्टा का बाजार गर्म हो गया और सक्रिय सटोरिया बड़े पैमाने में सट्टा बाजार खोलकर सट्टा खेल और खेला रहे हैं। हालांकि जिला पुलिस प्रशासन और साइबर सेल द्वारा इन सटोरियों पर पैनी नजर भी रखी जा रही है तथा कार्यवाही भी की जा रही है। लेकिन माना जा रहा है कि यह कार्यवाही सिर्फ छोटे सटोरियों तक ही सीमित है और आरोप तो यह भी है कि कुछ थानो के पुलिस अधिकारियों ने तो इस सट्टा बाजार को ही अपनी अवैध कमाई का जरिया बना लिया है। हाल ही में सटोरियों के खिलाफ की गई कार्यवाही के दौरान पोंड़ी पुलिस चौकी में ऐसा ही एक मामला सामने आया था। जिसमें पकड़े गए सटोरियों को छोड़ने के एवज में दो लाख रूपए मांगने का आरोप पुलिस अधिकारी पर लगा था जिसके बाद पुलिस चौकी पोंड़ी में लोगों द्वारा भारी हंगामा भी किया गया था। इसी कड़ी में आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खेलाने वाले दो सटोरियों को कवर्धा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने फिर गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर रायपुर-राजनांदगांव बायपास तिराहा, कवर्धा में दबिश दी गई, जहां राहुल साहू एवं प्रताप साहू नामक युवकों को सट्टा संचालित करते रंगे हाथ पकड़ा गया। मौके से 35,850 रूपए नगद राशि व दो एंड्रॉइड मोबाइल हैंडसेट जप्त किए गए। मोबाइल में आईपीएल सट्टा से संबंधित डिजिटल साक्ष्य पाए गए। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान राहुल साहू पिता संतोष साहू आयु 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 24, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, रायपुर रोड, कवर्धा तथा प्रताप साहू पिता बंशी लाल साहू आयु 33 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 25 घोटिया रोड, जुनवानी चौक, कवर्धा के रूप में की गई है। आरोपियों से पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि वे मोबाइल एप व वेबसाइट के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा संचालित कर रहे थे। दोनों को धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 147/2025 दर्ज कर विधिसम्मत कार्यवाही की गई साथ ही दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर एसडीएम न्यायालय, कवर्धा में पेश किया है। इस कार्रवाई में थाना कवर्धा से सहायक उप निरीक्षक बंदे सिंह मेरावी, साइबर सेल के एएसआई संजीव तिवारी व प्र आर चुम्मन साहू,आरक्षक संदीप शुक्ला, नारायण पटेल, लेखा चंद्रवंशी, नरेंद्र चंद्रवंशी अजयकांत तिवारी, एवं तकनीकी स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही है।

### दियाबार जलाशय योजना के लिए 78.78 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दियाबर जलाशय मरम्मत, नहरों का जीर्णोद्धार एवं सीसी लाइनिंग कार्य के लिए 78 लाख 78 हजार रुपए सकी राशि स्वीकृत की है। योजना के कार्य पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र में इस जलाशय से कुल 61 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। माना जा रहा है इस योजना के क्रियान्वन से क्षेत्र का न सिर्फ सिंचाई रकबा बढ़ेगा बल्कि क्षेत्र में होने वाली जल समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी।

## ग्राम कामाड़बरी में जिला भाजपा अध्यक्ष ने लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत गत शनिवार को जिला भाजपा के अध्यक्ष द्वारा भाजपा मण्डल बोड़ला अंतर्गत ग्राम कामाडबरी में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला भाजपा के अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कार्यक्रम में उपस्थित जनो को भाजपा की नीति रीति से अवगत कराते हुए केन्द्र व राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन की जानकारी ली था योजनाओं के लाभार्थियों से भी चर्चा कर जानकारी ली। यहां बताना लाजिमी होगा कि भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस के अवसर पर गत 6 अप्रैल से 14 अप्रैल बाबा भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम चलो बस्ती चलो अभियान, बूथ स्तरीय कार्यकम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा पदाधिकारी सीधे बूथ स्तर के अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों से जुड़ रहे हैं तथा उनसे संवाद स्थापित कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं के साथ भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा कर रहे हैं। इसके अलावा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हे चार्ज किया जा रहा था तथा उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। ग्राम कामाडबरी में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण अपने बीच जिला भाजपा अध्यक्ष को पाकर काफी प्रशन्न नजर आए और उन्होने कई विषयों पर उनसे चर्चा की।

**आसमान से बरस रही है आफत, बेमौसम बारिश, आंधी तूफान व ओला वृष्टि से लोग परेशान**

# कवर्धा सहित अंचल के कई इलाकों में बेमौसम बारिश व ओला वृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





बीते कई दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम में जारी उथल-पुथल के बीच रविवार को कवर्धा सहित अंचल के कई ईलाकों में एक बार फिर बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि देखने को मिली।

कवर्धा की बात की जाए तो यहां रविवार को दूसरे पहर में अचानक मौसम बदलने से कुछ देर के लिए ही सही पर झमाझम बारिश हुई। जिससे मौसम में नमी आ गई और ठंडे हवा के झौंकों ने लोगों को भीषण गर्मी से कुछ हद तक राहत दी। इसी प्रकार जिले के पंडरिया क्षेत्र की बात की जाए तो यहां वनांचल ग्राम नेउर गांव, आगरपानी सहित कई ईलाकों में झमाझम बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि देखने को मिली। बताया जाता है कि इस बेमौसम बारिश के चलते रविवार को नेउर का साप्ताहिक बाजार करने पहुंचे क्षेत्र के ग्रामीणों व व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

इसी प्रकार आगरपानी में भी झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि की खबर है। कुल मिलाकर देखा जाए तो इन दिनो आसमान से आफत बरस रही है। जिससे लोगों की दिनचर्या तो प्रभावित हो ही रही है साथ ही खेती किसानी के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। दूसरे तरफ इस बेमौसम बारिश तथा ओला वृष्टि से वनोपज को भी भारी नुकसान हो रहा है। लोगों की सेहद पर भी मौसम के इस उतार चढ़ाव का विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और लोग मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

# शराबी पति ने पत्नी पर किया कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला, रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम चोरभट्ठी में एक शराबी पति ने आपसी विवाद के बीच अपनी पत्नी पर कुल्हाडी तथा एक अन्य धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जाता है कि इस हमले में आरोपी की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

जिसे बोड़ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया है। वहीं घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व अन्य हथियार भी जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात करीब 11.30 बजे बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी निवासी बसंत बैगा का अपने घर पर ही अपनी पत्नी फुलवंटिन बैगिन से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जाता है कि दोनो के बीच विवाद इतना बढ़ा की बसंत ने शराब के नशे में अपना आपा खोते हुए घर पर रखी कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी के पेट पर प्राणघातक वार कर दिया।

जिससे फुलवंटिन बैगिन का पेट फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद आरोपी बंसत बैगा रविवार की सुबह करीब 4.00 बजे खून से लतपथ अपनी पत्नी को खुद ही लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने पीड़िता की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रिफर कर दिया।

दूसरी तरफ अस्पताल प्रशासन की सूचना पर ही बोड़ला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी तथा पीड़िता के खून से सने कपड़ों को बरामद कर लिया। पुलिस अब आरोपी के खिलाफ आगे की कार्यवाही कर रही है।

## सार समाचार



### स्वच्छता अभियान का आयोजन

**राजनांदगांव।** भाजपा के स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर स्वछता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, मुकेश बघेल, हकीम खान, सरस्वती यादव, चंद्रभान, नरेश कोचरे, कमल, गेमू कुंजाम, मनोहर, अफजल खान, पंकज, आदित्य पराते, प्रशांत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### फारेस्ट उड़नदस्ता टीम कर रही अवैध वसूली

**राजनांदगांव।** वन विभाग की उड़नदस्ता टीम द्वारा अवैध वसूली का एक मामला सामने आया है। जिसमें उड़नदस्ता टीम द्वारा घर-घर जाकर लकड़ी व्यापारी, ढाबा संचालक, ईंट भट्ठा और ठेकेदारों से वसूली की जा रही है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो लगभग एक माह पुराना है। बावजूद इसके उड़नदस्ता टीम पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग उड़नदस्ता टीम में पदस्थ डोमन साहू, भूषण कौशिक, पारसमणि साहू द्वारा गत माह 7 मार्च 2025 को गिरगांव निवासी भरत सिन्हा जो लकड़ी व्यापारी, ठेकेदार एवं परिवहनकर्ता भी है, के यहां उड़नदस्ता टीम के सदस्यों द्वारा उनके निवास स्थल पर जाकर वसूली करने का वीडियो वायरल हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता टीम के कुछ सदस्यों द्वारा नगद रुपए के अलावा फोन-पे पर भी पैसे लिए जाने की बात सामने आई। यदि उड़नदस्ता टीम के सभी सदस्यों के फोन की जांच की जाए तो और भी बड़े खुलासे होंगे।

### अंबेडकर जयंती पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम

**मोहला।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महिला आजीविका भवन के पास धान खरीदी केंद्र के पास आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सभी जिला मुख्यालय में समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सर्कुलर जारी किया गया है। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। विशिष्ट अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में 10 समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। ग्राम पंचायत में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र हेतु प्रति विकासखंड में 10 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सीएससी के सर्विस प्रदाता के माध्यम से एमओयू की कार्रवाई किया जाएगा।

### नियुक्तियों से महिला विरोधी चेहरा उजागर : अभिमन्यु

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि निगम-मंडल नियुक्तियों से भाजपा का दलित व महिला विरोधी चेहरा पुनः उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर भाजपा का दलित व महिला विरोधी चेहरा उजागर होता रहता है। बड़े-



बड़े भाषण ये देते हैं, किंतु दोहरा चरित्र सामने आ ही जाता है। उदाहरणस्वरूप चाहे राजस्थान की बात करें, जहां दलित नेता प्रतिपक्ष के राम मंदिर दर्शन के बाद मंदिर को गंगा जल से भाजपाइयों द्वारा धुलवाया जाता है। दलितों के खिलाफ 97 प्रतिशत मामले भाजपा शासित 13 राज्यों में हो रहे हैं। जिनमें उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान से सबसे अधिक मामले हैं। एमपी के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में मौत, उड़ीसा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा गया, हरियाणा में बीए की फीस न भर पाने की वजह से दलित बच्ची को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा, पालघर में गर्भवती आदिवासी महिला को अस्पताल के लिए 100 किलोमीटर जाना पड़ा, आखिर में उसकी मौत हो गई।

### दहमी माताजी मंगलपाठ पोथी का विमोचन

**राजनांदगांव।** गत दिवस राजनांदगांव में आयोजित कुलदेवी दहमी मनसा माताजी का मंगलपाठ श्री अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। इस



दौरान मंगलपाठ पोथी का प्रकाशन होने पर विमोचन किया गया। श्री दहमी माताजी कुलदेवी परिवार के अनुसार दहमी माताजी मंगलपाठ पोथी का विमोचन दहमी माता मंदिर ट्रस्ट कोलकाता के सुशील गोयल, उनके भाई एवं राजस्थान कुलदेवी दहमी माताजी मंदिर के आचार्य पं. भोनेश मिश्रा द्वारा किया गया। पोथी विमोचन उपरांत संस्कारधानी के भजन गायक निखिल-श्याम की जोड़ी ने सुमधुर संगीतमय भजनों के साथ मंगलपाठ किया। जिसमें कुलदेवी परिवार के लगभग 400 सदस्यों ने शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंगलपाठ उपरांत प्रसादी का आनंद भी भक्तों ने प्राप्त किया। इस दौरान कुलदेवी का अद्भुत श्रृंगार किया गया। अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई, छप्पनभोग लगाया गया। समिति ने बताया कि कुलदेवी दहमी माताजी मंगलपाठ पोथी की लगभग 1000 प्रतियां देशभर में निवासरत कुलदेवी परिवार के सदस्यों को कोरियर से प्रेषित की गई है।

### पिरचा में हनुमान जन्म उत्सव मनाया



**छुईखदान।** समीपस्थ ग्राम पिरचा रोला में हनुमानजी का जन्म उत्सव एवं जन प्रतिनिधियों का सम्मान बड़े धूमधाम से मनाया गया। महिला मण्डलियों ने भजन-कीर्तन कर शोभायात्रा निकाला गया। गांव के युवाओं द्वारा भोग भन्डारा कराया गया। जनप्रतिनिधियों का सम्मान शिक्षक नेहरू जंघेल, कोमल जंघेल, ललीत वर्मा, विजय वर्मा एवं महिला मण्डलियो का सम्मान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पूर्व पंच सजु वैष्णव द्वारा किया गया। इसमें प्रमुख रूप से दीपक वैष्णव, रवि जघेल, शंकर किशोर कैच्या, हरीश वर्मा, अशोक वर्मा, अभिषेक जधेल, बालाराम भारती, सोनु वर्मा, डोमन वर्मा, सुनील वर्मा, पं. विजयेंद्र वैष्णव का सराहनीय योगदान रहा।

## पूर्व मंत्री पांडे की अध्यक्षता में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा

# हर बूथ में मनेगी अंबेडकर जयंती विचार गोष्ठी के साथ होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव




भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर पखवाड़े की शुरूआत 14 से 25 अप्रैल तक होगी।

इस पखवाड़े की तैयारी के संबंध में आहूत की गई बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते कहा कि भाजपा 25 अप्रैल तक भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को बूथ मंडल एवं जिला स्तर पर मनाएगी। इसके लिए जिला स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जाति बहुल बस्ती में चौपाल लगाकर व संपर्क कर एवं फल वितरण कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक जिले एवं मंडलों में अनुसूचित जाति के प्रमुखों से संपर्क व भेंट कर उन्हें अंबेडकर जयंती की बधाई दी जाएगी।

मीडिया सेल के अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात स्वागत प्रतिवेदन रखते जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने 6 से 25 अप्रैल तक चलने वाले पार्टी के कार्यक्रमों की कार्य योजना बताई।

### जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

बैठक में नगर निगम, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं हाल में ही पर्यटन विभाग के राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा का सम्मान किया गया।

### योजनाओं की दी जानकारी

सांसद संतोष पांडे ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान, देश की सुरक्षा में लगे सभी सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करना, किसानों को सम्मान निधि, जनधन खाता और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य कर घर-घर पेयजल पहुंचना सहित सभी वर्गों के आर्थिक उन्नति, प्रगति और समृद्धि के लिए सैकड़ों योजनाओं का क्रियान्वयन किया। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी ने भी संबोधित किया एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। बैठक का संचालन महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन कैलाश शर्मा ने किया।

### वन नेशन वन इलेक्शन को भाजपा बढ़ाएगी आगे

भारतीय जनता पार्टी के वन पेंशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक संतोष अग्रवाल ने बताया कि फरवरी 2025 से इस विषय पर गंभीरता से विचार शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि एक-एक देश एक चुनाव से सबसे बड़ा लाभ देश को होगा। कई चरणों में चुनाव होने से आचार संहिता में विकास कार्य प्रभावित होते हैं, वह बंद हो जाएंगे। सरकारी संसाधनों की बर्बादी रूकेगी। उन्होंने बताया कि 2019 में लोकसभा चुनाव में सरकारी आंकड़ों के अनुसार 60000 करोड़ का खर्च हुआ और 2024 के लोकसभा में 1.35 लाख करोड रुपए खर्च हुआ। अगर लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय चुनाव एक साथ होने पर देश के 4.5 लाख करोड़ की बचत होगी, जो देश की जीडीपी का 1.5% है।

# संगठन में काम नहीं करने वालों को बाहर करने का दिया इशारा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़ छुईखदान गंडई का आवश्यक बैठक जिला के प्रभारी कृष्णा दुबे के मुख्य आतिथ्य में कांग्रेस कार्यालय छुईखदान में संपन्न हुआ।

जिसमें सबसे पहले जलियांवाला बाग में हुए गोलीकांड में शहीद हुए शहीदों को कांग्रेसियों ने याद किया और उनके सम्मान में 2 मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। निष्क्रिय पदाधिकारी को हटाने का संकेत दिया। बैठक में जिले के प्रभारी कृष्णा दुबे ने जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन को मजबूत करने और आने वाले समय में 18 से 21 अप्रैल तक दुर्ग से रायपुर के बीच होने वाले पैदलयात्रा को लेकर भी चर्चा हुई। संगठन में निष्क्रिय और जो पार्टी संगठन में काम नहीं करने वाले पदाधिकारी को किनारा कर नए कार्यकर्ताओं के चयन करने के लिए इशारे-इशारे में चर्चा की।

श्री दुबे ने बैठक में यह निर्णय लिया कि हर महीने जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिले के ब्लॉकों में तय की जाएगी। जिसमें जिलेभर के कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमीन की लड़ाई लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम में जिला प्रभारी कृष्णा दुबे, गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष तारकेश्वर शाह खुसरो, छुईखदान के राजा गिरिराज किशोर दास, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीलाल, मिहिर झा, गुलाब चोपड़ा मोहम्मद खान, अय्यूब कुरैशी सहित जिला कांग्रेस कमेटी के सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं सदस्य ग्रहण उपस्थित थे।

# कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते वारदात एवं अवैध शराब बिक्री जैसे घटना लगातार बढ रहे और सरकार इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। धर्म नगरी डोंगरगढ़ के पास करवारी में अवैध बॉटलिंग का काम हो रहा था। जिसके मुख्य गुनहगार को पकड़ा नहीं जा रहा है। जिसको लेकर कांग्रेस द्वारा 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री विधायक धनेश पाटिला, भुनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, विभा साहू ,अंगेश्वर देशमुख, जिला महिला अध्यक्ष रामछत्री चंद्रवंशी,जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, एससी प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष गोपीचंद गायकवाड सहित बूथ के नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

श्रीराम दूत हनुमान भक्त सेवा समिति भोथीपारखुर्द नयापारा द्वारा श्री हनुमान जन्म उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य हर्षी चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, ऋषिदेव चौधरी, पप्पू चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। आयोजन के अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी और गांव के विकास के लिए हर संभव मदद को कहा।



### अखंड जोत और रामायण पाठ

आयोजन समित द्वारा श्रीराम जन्म उत्सव से लेकर श्री हनुमान जन्मोत्सव तक 3 अखण्ड ज्योत जलाए गए एवं भंडार के साथ प्रत्येक दिन रामायण मण्डली की प्रस्तुति और रामायण पाठ किया गया।

### बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

आयोजन के अवसर पर डेवल साहू, अभिषेक चंद्राकर, ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द सरपंच आयोजन समिति अध्यक्ष जितेंद्र साहू, गोपाल प्रसाद साहू, डॉ. सुरेश साहू, रूमलाल साहू, उपसरपंच पाशपाल साहू , चित्ररेखा साहू, मंजू साहू, सीमा साहू सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही । कार्यक्रम में मंच संचालन दीपक साहू द्वारा किया गया। वहीं स्वागत भाषण सरपंच जितेंद्र साहू और आभार प्रकट रूमलाल ने किया।

# पीएमश्री स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव




पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में नॉन बोर्ड कक्षाओं के परिणाम विद्यालय के सभागार में परीक्षा विभाग द्वारा घोषित किया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और उपहार प्रदान किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं अ की पूजा जंघेल ने 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय, छठवीं अ, ब के ही मुंजीत वर्मा व कोमल कांडे ने 94 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और कक्षा छठवीं में हिमांशु ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कक्षा सातवीं अ के मोहित कुमार साहू ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, दिव्यांशी देवांगन ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं मनन राज ने 96.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं अ के नितिन चंदेल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, राजवीर 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अनिका मिश्रा ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमीं में मोहनीश 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, राजित लाउत्रे 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और कक्षा में प्रथम स्थान आयुषी पटेल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ किया।

### नितिन प्रथम स्थान पर

कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में रोशन पटेल ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, देवाशीष साहू 79.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्रौपदी कंवर ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान संकाय में महिका लाउत्रे व खिलेंद्र सिन्हा ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अनिका नागोटे ने 84.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और नितिन साहू ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### अतिथियों का सम्मान

मंच संचालन विद्यालय के विज्ञान शिक्षक सुनील कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ के प्रधानाचार्य प्रकाश यादव, उप प्रधानाचार्य सुरेश वैष्णव उपस्थित थे। प्रकाश यादव ने अपने सारगर्भित विचारों एवं आशीर्वचन से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किए और उन्हें अपने लक्ष्य निर्धारण एवं प्राप्त करने के कर्म, कर्म की प्रधानता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने कर्म के प्रति सचेत एवं जागृत रहने कहा गया। अंत में अतिथियों को शाल व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रूपेन्द्र सिंह, उप प्राचार्य संजय कुमार मंडल एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# मुरमुंदा के स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर आयोजित

**मुरमुंदा।** हनुमान चालीसा का पाठ रक्तदान शिविर का आयोजन श्रीराम भक्त युवा समिति मुरमुंदा के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव पर एक दिवसीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह हनुमान चालीसा पाठ कर मुरमुंदा स्वस्थ केंद्र में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 37 यूनिट रक्तदान हुआ। अटल बिहारी वाजपेई पेंड्री एवं मुरमुंदा स्वास्थ्य केंद्र की विशेष भूमिका रही। श्रीराम भक्त युवा समिति लगातार जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध करा रही है। श्रीराम भक्त समिति ने रक्तदाताओं का सम्मान किया गया और आगे रक्तदान के लिए प्रेरित किया।



## पेज 11 का शेष

### महुआ शराब...

में 5 लीटर कच्ची महुआ शराब भरा हुआ कीमती 1000 रुपए जुमला 25 लीटर कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 5000 रुपए को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया। आरोपी को 12 अप्रैल को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर सलोनी खैरागढ़ जेल भेजा गया।

### पशु तस्करी...

नाम-पता पूछने पर अपना नाम उमेश देवांगन 26 वर्ष निवासी सीताकसा व कामता प्रसाद 42 वर्ष निवासी कोल्हियालमती का होना बताया। पांच नग बैलों को काकोड़ी महाराष्ट्र के बूचड़खाना ले जाना बताने पर विधिवत कार्रवाई करते माननीय न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया।

## प्रभावी क्लास टीचिंग की दी जानकारी

# युगांतर में पैरेंट्स के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी के बच्चों के पैरेंट्स के लिए एक ओरियंटेशन प्रोग्राम संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसे प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी तथा नवनियुक्त प्रधान पाठिका विनीता तिलवानी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।

विनीता तिलवानी ने 21 सेंचुरी स्किल्स का शानदार वर्णन करते बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र योजनाबद्ध तरीके से संचालित होगा। उन्होंने प्रभावी क्लास टीचिंग के बारे में भी बताया। इस दौरान कई रोचक ग्रुप एक्टिविटी भी कराई गई, जो बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली पर आधारित रही। कुल मिलाकर ओरियंटेशन प्रोग्राम उपयोगी साबित हुआ। आमंत्रित पालकों ने इस आयोजन की सराहना करते शैक्षणिक गतिविधि को प्रभावी बनाने आवश्यक सुझाव भी दिए।

प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की नियमावली की जानकारी दी। उन्होंने प्राइमरी विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि विद्यालय का शैक्षणिक सत्र नियमानुसार संचालित होगा। जिसमें बच्चों के अध्ययन के साथ उनकी स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटीज का भी विशेष ध्यान रखा गया है। पालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

इसी तरह विगत दिवस ओरियंटेशन प्रोग्राम प्री. प्राइमरी के बच्चों के पैरेंट्स के लिए संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया की उपस्थिति में भी आयोजित हुआ। नरेंद्र कोटड़िया ने नए सत्र की सभी पालकों को शुभकामनाएं दी। प्री प्राइमरी की शिक्षिकाओं ने इस ओरियंटेशन प्रोग्राम को भी शानदार एक्टिविटीज के जरिये यादगार बनाया। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) अजय सिंगी सहित युगांतर परिवार ने आयोजन सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411